

मार्च तक काम पूरा होने से हजारों लोगों को आवाजाही में बड़ी राहत मिल सकती है

हरिभूमि रायपुर भूमि

# गर्डर चढ़ाने मेरठ से आई मशीन, फरवरी में मिल सकती है कचना ब्रिज की सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कचना क्षेत्र में बन रहे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। शनिवार को ब्रिज में आधुनिक तकनीक की मदद से ब्रिज पर पहला गर्डर स्थापित कर दिया गया। यह कार्य सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक आधुनिक क्रेन मंगाई गई थी। इस मशीन ▶▶|शेष पेज 14 पर

अलग खबर

## सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला ब्रिज में गर्डर लगाने का काम, अब फरवरी में लगेगा दूसरा गर्डर



### वर्तमान में सुबह शाम लगता है जाम

कचना में जाम की समस्या एक से दो महीने और होगा। बता दें कि कचना एक दर्जन से अधिक बड़ी कॉलोनियां बस गई हैं। रोजाना प्रत्येक 10 मिनट में रेलवे फाटक बंद होता है। सुबह शाम रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ एक किमी तक जाम लगता है। सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को परेशानी होती है, क्योंकि जाम में स्कूली बसें फंस जाती हैं। इसलिए समय पर बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। वहीं आफिस जाने वालों को भी विलंब हो जाता है। इससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां रेलवे क्रॉसिंग पार करके रोजाना चार वार्डों के लोग आना-जाना करते हैं। कई कालोनी भी पटरी की दूसरी ओर है। मार्च ये यह समस्या दूर हो जाएगी।

### क्रेन से संभव नहीं था यह कार्य

मशीन का संचालन करने वाले विशेषज्ञों ने बताया कि 400 टन वजनी भारी गर्डर को उठाना और सटीक स्थान पर फिट करना सामान्य क्रेन के बस की बात नहीं थी। इसके लिए विशेष रूप से ऐसी आधुनिक मशीन का उपयोग किया गया जो आमतौर पर मेट्रो शहरों या बड़े प्रोजेक्ट्स में देखी जाती है। इस मशीन की खासियत यह है कि यह भारी वजन को बेहद संतुलित तरीके से उठाती है, जिससे हादसे का खतरा कम रहता है। नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए, ब्रिज पर गर्डर को सेट करने में कुल 9 घंटे का समय लगा। निर्माण एजेंसी के अनुसार, दूसरे गर्डर को लगाने के लिए भी इसी मशीन का उपयोग किया जाएगा ताकि सुरक्षित रूप से पूरा किया जा सके। मशीनों के बढ़ते उपयोग से कम मजदूरों के साथ बड़े काम किए जा रहे हैं। इससे कार्यस्थल पर भीड़ कम होती है और सुरक्षा बढ़ जाती है।

## जल बोर्ड की बैठक में भी उठा मुद्दा, अब 27 तक डेडलाइन

# इंदौर कांड के बाद 10 जोन को 15 दिन में देनी थी पाइप लाइनों की रिपोर्ट, समय बीता, रिपोर्ट का अता-पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम का ये हाल है कि मुख्यालय द्वारा दस जोन से मंगाई गई नाला-नाली से गुजरी पाइप लाइन की रिपोर्ट पखवाड़ा बीतने के बाद भी नहीं पहुंची। जगह-जगह नालियों के भीतर से पाइप लाइन निकली है, जिसका अब तक सर्वे शुरू नहीं हुआ, न ही जोन के अधिकारी बंद कमरों से वार्डो तक पहुंचे। अपर आयुक्त जल विभाग के आदेश की खुले आम धज्जियां उड़ रही हैं। हालत ये है, निगम मुख्यालय के पास अभी तक एक भी जोन कमिश्नरी ने नाली से गुजरी पाइप लाइन की रिपोर्ट नहीं भेजी है, जबकि उन्हें वार्डवार सर्वे करने से लेकर नए पाइप लाइन बिछाने संबंधी प्रस्ताव बनाकर भेजना है। इससे शहर की जनता की सेहत दांव पर लगी हुई है। पेश है एक रिपोर्ट : - ▶▶|शेष पेज 14 पर

हरिभूमि सरोकार

**केस 1**

### कोटा एरिया में पाइप लाइन लीकेज, गंदा पानी

*रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्थित कोटा के गायत्री नगर मंदिर के पास की कालोनी में लोगों के घरों में लगे नल से गंदा पानी से लोग परेशान रहे। पानी की परेशानी को देखते हुए इसकी शिकायत लोगों ने निगम दफ्तर में भी की। पूर्व पार्षद श्रीकुमार मेनन ने भी निगम अफसरों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया। शिकायत मिलने पर जल विभाग की टीम स्पॉट पर पहुंची। पाइप लाइन जांच करने पर पाइप लाइन में लीकेज पाई गई। खराबी दूर करने के बाद भी आसपास के क्षेत्रों में मटमैला और गंदा पानी आने की शिकायत बनी हुई है। कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र का कहना है एक दो दिन में पानी साफ आने लगेगा।*



### नहीं भेजी रिपोर्ट

नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी से नाली के ऊपर से गई पाइप लाइन का सर्वे कर लोकेशन से साथ फोटो और प्रस्ताव मंगाया है, ताकि इसकी प्लानिंग कर पाइप लाइन शिफ्टिंग की जा सके। अभी तक एक भी जोन से रिपोर्ट नहीं आई है।

- **कृष्णा खटिक**, अपर आयुक्त, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

**केस 2**

### गांधीनगर : नाली में गंदगी का ढेर के बीच पाइप लाइन

*जोन 4 के मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड स्थित गांधी नगर मुख्य मार्ग स्थित नालियां कचरों के ढेर और गंदगी से पटी पड़ी है। इसी गंदगी में लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने वाली पाइप लाइन गई है। पाइप लाइन में ज्वाइंट होने के साथ नाली का गंदा पानी इसमें रिसने का अंदेशा बना हुआ है। समय रहते यदि इसे सुरक्षित जगह पर शिफ्टिंग नही कराई गई तो रहवासी बस्ती में दूषित पानी से लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। जोन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। यही हाल गांधी नगर के गलियों में नाली के उपर से गई पाइप लाइन का भी है।*

**केस 3**

### बूढ़ापारा की गली में नाली में जर्जर पाइप लाइन

*स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड के बूढ़ापारा इलाके की रहवासी गली में पुरानी पाइप लाइन नाली से होकर गुजरी है। गंदगी और बदबू के बीच लोगों को इसी पाइपलाइन से पानी पहुंचाया जा रहा है। एक अरसे से पेयजल पाइप लाइन नहीं बदली गई। निकास नाली के उपर की पाइप लाइन को शिफ्ट करने पूर्व में जोन स्तर पर योजना बनाई गई। पर आज तक शिफ्टिंग नहीं हो पाई।*

वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं

## कलेक्टोरेट परिसर का स्मार्ट टायलेट तीन माह से बंद



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों के लिए बना स्मार्ट टायलेट पिछले तीन माह से बंद पड़ा हुआ है। वहीं इस टायलेट के अलावा परिसर में आम लोगों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। इसके कारण कलेक्टोरेट में हर रोज अपने काम से पहुंचने वाले आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी शहर के दूरदराज से रजिस्ट्री कराने आने वाले लोगों को हो रही है, जिन्हें अपनी बारी के इंतजार में कई घंटे रजिस्ट्री ▶▶|शेष पेज 14 पर

### रजिस्ट्री कार्यालय में हर दिन रहती है भीड़

कलेक्टोरेट परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय में औसतन हर दिन 100 से अधिक रजिस्ट्री होती हैं। इन रजिस्ट्रियों के कारण कार्यालय परिसर में दिनभर भीड़ भी लगी रहती है। इस भीड़ में शहर के आउटर क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों के लोगों के साथ कई लोग ऐसे भी होते हैं, जो दूसरे जिलों में रहते हैं। रजिस्ट्री के कारण उन्हें यहां आना पड़ता है। रजिस्ट्री कार्यालय के बगल में ही स्मार्ट टायलेट बना हुआ है। इस टॉयलेट को बनाने के पीछे प्रशासन का मुख्य उद्देश्य कलेक्टोरेट में हर दिन अपने-अपने काम से पहुंचने वाले आम लोगों को टायलेट की सुविधा देना था, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े, लेकिन टायलेट के शटर पर पिछले तीन माह से ताला जड़ा हुआ है। इस कारण इस टायलेट का लोग इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

## स्मार्ट सिटी में आपका स्वागत है...

# 3400 अवैध कनेक्शन नियमों में उलझे तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूं तो रायपुर स्मार्ट सिटी है। स्मार्ट सिटी में बिजली के खंबे हटाने और शहर को तारों से मुक्त करने का ऐलान किया गया था। लेकिन रायपुर में ही भारी संख्या में अवैध कालोनियां हैं। इन कालोनियों में रहने वालों को छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से अस्थाई बिजली कनेक्शन तो मिल गए हैं, लेकिन इन कनेक्शनों को स्थाई कनेक्शन में बदलवाने में उपभोक्ताओं का पसीना छूट रहा है।

कड़े नियम और ज्यादा शुल्क के कारण इन कनेक्शनों को बरसों से स्थाई कनेक्शन में नहीं बदला जा सका है। कई स्थानों पर बांस और बलियों के सहारे कनेक्शन चल रहे हैं, जिसके कारण खतरा मंडराता रहता है। इसके लिए पॉवर कंपनी भी कुछ नहीं कर पाती, क्योंकि बिजली नियामक आयोग के नियम अवैध कालोनियों के लिए अलग हैं। इन कनेक्शन वालों को टैरिफ भी डेढ़ गुना देना पड़ता है। रायपुर में एक जानकारी के मुताबिक 300 से ज्यादा अवैध कालोनियां हैं। इनके खिलाफ प्रदेश सरकार एक्शन भी ले रही है। कई कालोनियों के खिलाफ एफआईआर भी हो चुकी है। आने वाले समय में ज्यादातर कालोनियों के खिलाफ एफआईआर भी होगी। इन अवैध कालोनियों में घर लेने वालों को ▶▶|शेष पेज 14 पर

खास खबर







### टैरिफ भी 50 फीसदी ज्यादा

अस्थाई कनेक्शनों के साथ एक सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि उनको सामान्य टैरिफ से 50 फीसदी ज्यादा पैसे भी देने पड़ते हैं। सौ यूनिट खपत का टैरिफ 4.10 रुपए है तो इनको 6.15 रुपए लगते हैं। अगले यूनिट का टैरिफ 4.20 रुपए है यह 6.30 रुपए, इसके बाद 5.60 रुपए के स्थान पर 8.40 रुपए और 6.60 रुपए के स्थान पर 9.90 रुपए लगते हैं। ऐसे में इनको बिजली बहुत महंगी पड़ती है।

### स्थाई कनेक्शन का ऐसा कड़ा नियम

स्थाई बिजली कनेक्शन का नियम अवैध कालोनियों के लिए बड़ा ही कड़ा है। यह नियम बिजली नियामक आयोग ने बनाया है। जहां वैध कालोनियों में सामान्य कनेक्शन लगाने में महज 22 सौ रुपए खर्च होते हैं, वहीं अवैध कालोनियों के लिए प्रति किलो वॉट पर पांच हजार देने पड़ते हैं। इनके अलावा अन्य शुल्क अलग से हैं। बात सिर्फ पांच हजार रुपए प्रति किलो वाट की नहीं है, इसके लिए और भी कड़े नियम हैं। एक अवैध कालोनी में जितने भी घर हैं, उनमें से जो लोग अपने कनेक्शन स्थाई करवाना चाहते हैं तो इसके लिए पॉवर कंपनी उस कालोनी के हिसाब से स्टीमेट बनाती है। अगर किसी कालोनी में 100 प्लाट है और वहां पर घर 20 ही बने है, लेकिन स्टीमेट पूरे 100 प्लाट के हिसाब से बनेगा। उदाहरण के लिए अगर स्टीमेट एक करोड़ का बनता है तो इसका 25 फीसदी प्रति किलो वाट पांच हजार रुपए के हिसाब से जमा होने पर ही पॉवर कंपनी काम प्रारंभ करती है। 75 प्रतिशत खर्च पॉवर कंपनी करती है, जब बाद में सभी प्लाट विकसित हो जाते हैं तो उनको भी पांच हजार रुपए प्रति किलो वाट के हिसाब से ही पैसे देने पड़ते हैं।



### पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नर रायपुर के निर्देश पर शनिवार को राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डीसीपी संदीप पटेल के नेतृत्व में एडीसीपी राहुल देव शर्मा, एसीपी आजाद चौक इशु अग्रवाल एवं एसीपी पुरानी बस्ती देवांश सिंह राठौर सहित 4 थानेदारों के साथ 50 से अधिक संबंधित थाना बल द्वारा संवेदनशील स्थानों में आजाद चौक, ईदगाहभाठा, लाखेनगर, आश्रम आदि जगहों पर जांच एवं निगरानी की गई। इस अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहन की जांच की गई तथा आम लोगों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना एवं क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना है।

मंदिर में शादी कर दूसरी पत्नी बनाकर रखा था

# एक्ट्रेस से मारपीट, छालीवुड फिल्म डायरेक्टर के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्ट्रेस को अपनी वैवाहिक स्थिति के बारे में जानकारी न देकर, प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने तथा एक्ट्रेस के घर आने पर मारपीट करने वाले छॉलीवुड फिल्म के निर्माता-निर्देशक तथा कलाकार मोहित साहू के खिलाफ पुरानी बस्ती पुलिस ने केस दर्ज किया है। मोहित के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 296,115, 351,118,127 के तहत अपराध दर्ज की है।

■ दो दिन पूर्व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की घटना

मूलतः बलौदाबाजार भाटापारा निवासी एक्ट्रेस शशि ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मोहित वर्ष 2024 में एक फिल्म साइन कराने के बाद उसे तथा उससे संबंधित लोगों को धमकाने तथा विवाद करने लगा। धमकाने तथा विवाद का कारण पूछने पर मोहित ने शशि से कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करना चाहता है। शशि ने मोहित को पहली पत्नी के होते दूसरी शादी करने से इंकार किया तो मोहित ने शशि को झांसे में लेते हुए कहा कि वह उससे शादी कर पत्नी की दर्जा देते हुए अपने पास रखेगा। इसके बाद मोहित शशि को अपने साथ उज्जैन ले गया और 29 दिसंबर 2025 को एक मंदिर में मंगलसूत्र पहनाकर शादी कर ली।

हरिभूमि फॉलोअप


छॉलीवुड निर्माता, डायरेक्टर ने की युवती की बेरहमी से पिटाई, मारपीट का वीडियो वायरल
युवती ने छॉलीवुड निर्माता के खिलाफ विवाहित होते हुए उज्जैन ले जाकर जबरन शादी करने का लगाया आरोप
■ मामला बढ़ता देख छॉलीवुड का डायरेक्टर सुरक्षाकर्मी तथा सहयोगियों के पैर छूकर माफी मांगने लगा
सिर पर ठोस वस्तु से हमला
मामला बढ़ता देख पैर छूकर मांगी माफी

### लौटने के बाद किसी से मिलने नहीं दिया

शशि ने पुलिस को बताया कि उज्जैन से लौटने के बाद मोहित उसे किसी से मिलने तथा कहीं आने-जाने नहीं देता था। कारण पूछने पर मोहित ने कहा कि लोगों से ज्यादा मिलने-जुलने से रिश्तों पर नजर लगती है। अकेलेपन से परेशान शशि अपनी परिचित महिला से मोबाइल पर बात कर रही थी। इस दौरान मोहित शुक्रवार को कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और उसके हाथ में जो आया, उससे शशि पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गया।

## चालान में तीनों पटवारियों की मिलीभगत से 40 करोड़ नुकसान होने का आरोप

# 43 करोड़ के भारतमाला घोटाले में तीन पटवारियों के खिलाफ पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला परियोजना घोटाला में 43 करोड़ रुपए से ज्यादा राजस्व नुकसान करने वाले तीन पटवारियों के खिलाफ ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में पूरक चालान पेश किया है। चालान में किन-किन पटवारियों की जमीन दलालों से मिलीभगत करने से कितने का नुकसान हुआ है तथा उनकी भूमिका के बारे में उल्लेख किया गया है। दो पटवारी बसंती धृतलहरे तथा दिनेश पटेल को ईओडब्लू ने चार माह पूर्व 29 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

■ चालान में पटवारियों की भूमिका के बारे में उल्लेख

कोर्ट में पेश पूरक चालान में आरोप लगाया गया है कि तीनों लोकसेवक, मुआवजा प्राप्त करने वाले व्यक्ति एवं अन्य द्वारा



आपराधिक षड्यंत्र किया गया। ईओडब्लू के आरोपों के मुताबिक भारतमाला परियोजना रायपुर-विशाखापट्टनम प्रस्तावित इकोनॉमिक कॉरिडोर के भू-अर्जन प्रकरण में शासन द्वारा अर्जित भूमि को तीनों पटवारी ने जमीन दलालों से मिलीभगत कर जमीन को कई टुकड़ों में बांटकर वापस शासन को बेच दिया। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि दिनेश पटेल (तत्कालीन पटवारी, हल्का न. 49, ग्राम नायकबांधा), लेखराम देवांगन (तत्कालीन पटवारी, ग्राम टोकरो, हल्का नं. 24) एवं बसंती घृतलहरे (तत्कालीन पटवारी, प्राम भेलवाडीह) ने अपने पद का दुरुपयोग कर भूमाफिया, प्राइवेट व्यक्तियों से षड्यंत्र कर भारतमाता परियोजना में गड़बड़ी की।

### पटवारियों की भूमिका

**दिनेश पटेल** - खाता दुरुस्ती, प्रपत्र-10 आपत्ति निराकरण आदि के माध्यम से प्रक्रिया में पद का दुरुपयोग किया। अवार्ड के समय अधिग्रहीत भूमि को कृत्रिम उपखंडों में विभाजित दर्शाकर अधिक मुआवजा भुगतान की स्थिति बनाई गई। इससे शासन को 30 करोड़ 82 लाख 14 हजार 868 रुपए की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।

**लेखराम देवांगन** - भुगतान प्रतिवेदन आदि के माध्यम से प्रक्रिया में पद का दुरुपयोग किया। अवार्ड ▶▶|शेष पेज 14 पर

**खबर संक्षेप**

## रुपेश महाराज को राष्ट्रीय कथावाचक सम्मान



**आरंग।** धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय योगदान दे रहे पं. रुपेश महाराज (माना, रायपुर) को शीघ्र ही "राष्ट्रीय कथावाचक" की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके द्वारा वर्षों से की जा रही श्रीमद्भागवत कथा, देवी भागवत कथा एवं सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित सेवाओं के लिए प्रदान किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर पं. रुपेश महाराज जी को किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर एवं विभिन्न अखाड़ों के जगद्गुरु श्रीमहंतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान धर्म, संस्कृति, सनातन परंपरा तथा समाज में नैतिक मूल्यों के संरक्षण एवं उत्थान विषय पर विशेष विचार-विमर्श एवं धर्म चर्चा आयोजित की जाएगी। पं. रुपेश महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया है, बल्कि युवाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं सनातन मूल्यों से जोड़ने का सतत प्रयास किया है। यही कारण है कि आज वे एक लोकप्रिय एवं प्रेरणास्रोत कथावाचक के रूप में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान समारोह धर्म-संस्कृति के उत्थान, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम में संत-महात्मा, धर्मप्रेमी नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

## सद्गुरु कबीर चरितम कथा सप्ताह 28 से

**अभनपुर।** कबीर पंथ के परम पावन सिद्धांत सतनाम के प्रचार-प्रसार को लेकर ग्राम निमोरा, नवा रायपुर में श्री सद्गुरु कबीर चरितम् कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह एवं सोलह सूत चौका आरती महायज्ञ का भव्य आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम पंथश्री हुजूर अर्धनाम साहेब के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी, जिसमें सद्गुरु कबीर साहेब के जीवन-चरित, सत्संग, भक्ति, समता, मानवता तथा सत्यनाम के गूढ़ रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।कथा आयोजन आचार्य कबीर पंथ, काशी लहरतारा धाम, वाराणसी (उ.प्र.) के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कथा प्रवचन का दायित्व परमपूज्य धर्माधिकारी साहेब,आचार्य गद्दी कबीर धर्म स्थान, खरसिया (रायगढ़, छत्तीसगढ़) संभालेंगे। उनके ओजस्वी प्रवचन एवं सरल शैली से श्रद्धालु कबीर तत्वज्ञान से लाभान्वित होंगे।कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अरुण कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत निमोरा की विशेष निभाने तैयार है।आयोजन समिति की ओर से घुरुवा राम साहू, श्रीमती कांती साहू एवं योगेश कुमार साहू प्रमुख आयोजनकर्ता के रूप में व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त कबीर पंथी अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर ज्ञानयज्ञ सप्ताह में सहभागी बनने की अपील की है।

### लखौली पुराने टोल प्लाजा के समीप अपना ढाबा के पास हुआ हादसा

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, कूंरा के कपड़ा व्यापारी की मौत, चाचा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- हादसे में कार क्षतिग्रस्त
- माहौल हुआ गमगीन



आरंग रायपुर मार्ग पर लखौली पुराने टोल प्लाजा स्थित अपना ढाबा के पास शुक्रवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में ग्राम कुरा निवासी कपड़ा व्यापारी सतीश कुमार देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके चाचा तरूण कुमार देवांगन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुरा निवासी सतीश कुमार देवांगन शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को अपने चाचा तरूण कुमार देवांगन के साथ कार क्र. सीजी 10 एफए 3105 से बुआ के घर महासमुंद गए थे। देर रात करीब 10.30 बजेदोनों महासमुंद से रायपुर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान लखौली पुराने टोल प्लाजा के समीप अपना ढाबा के पास ट्रक क्र. सीजी 07 बीएच 7260 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में सतीश कुमार देवांगन को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तरूण कुमार देवांगन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल आरंग ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया।

### मौके पर ही तोड़ा दम

घायल तरूण कुमार देवांगन ने बताया कि ट्रक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मारी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और सतीश देवांगन की जान चली गई। दुर्घटना के लिए ट्रक चालक की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया है। घटना की सूचना मृतक के पिता चंदन देवांगन एवं चाचा मंगतू राम देवांगन को दी गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और ग्राम कुरा में शोक की लहर दौड़ गई। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर थाना आरंग में अप.क्र. 48/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण में ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना स्थल ग्राम लखौली टोल प्लाजा, अपना ढाबा के पास है। घटना की रिपोर्ट 24 जनवरी 2026 को सुबह 10.46 बजे दर्ज की गई। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुए इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## युवक की चाकू मारकर हत्या, एक अपचारी समेत 5 गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. बसंत पंचमी की शाम मेला देखने गए एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान ग्राम भरुसुदा निवासी अजय यादव के रूप में हुई है,जो मेला देखने आया था। हमलावरों ने अजय पर कई बार चाकू से वार किए। उसके पेट और सीने पर गंभीर घाव थे। ज्यादा खून निकलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक सहित 5 लोगो को गिरफ्तार किया है।

ग्राम भुरसुदा में प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन रणबोर का मेला भरता है. मेले में गांव के साथ आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में आते हैं. मृतक अजय यादव भी अपने साथियों के साथ मेला देखने गया था. भीड़ में वह अपने दोस्तों से अलग हो गया.इसी बीच आरोपी युवको के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया तभी युवको ने उसे घेरकर पास रखे चाकू से उसकी निर्मम हत्या कर दी .स्थानीय लोगों ने बताया कि मेला स्थल पर अचानक चाकूबाजी की घटना सुनकर सभी लोग दहशत में आ गए. कुछ लोग डर के कारण मेले से जल्दी घर वापस आ गए . घटना के समय मेला में काफी भीड़ थी. इससे आरोपी आसानी से भाग निकले। उधर जब घटना की जानकारी तिल्दा पुलिस को हुई तो ततकाल मौके पर पहुंच गई,पुलिस ने खून से लथपथ अजय को उठाकर सरकारी अस्पताल ले आई जहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दियाउसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई, और आरोपियों को भागने के पहले ही सभी को हिरासत में ले लिया पूछताछ में युवको ने अपराध करना स्वीकार कर लिया.पलिस ने आरोपियों के निशान देहि पर हत्या में प्रयुक्त चाकू ,को भी बरामद कर लिया है ,आरोपियों में एक युवक नाबालिग है.सभी ग्राम टंडवा के रहने वाले है। इस हत्या से परिवार में मातम का माहौल है. मृतक पत्नी व 3 महीने के बच्चे के साथ अपने चाचा के साथ रहता था.उनके माता पीता कोरबा में रहते है। इस घटना ने मेला आयोजको और पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. आयोजको ने बताया की मेला सुरक्षा के लिए पुलिस को सूचना दी गई थी लेकिन थाने से पुलिस बल नही भेजा गया था।



## पूर्व मंत्री से कांग्रेस मंडल अध्यक्षों ने की मुलाकात

**चंदखुरी।** पीसीसी के निर्देश पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में आरंग विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस क्रम में विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। नियुक्ति के पश्चात नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से सौजन्य भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ग्रामीण अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग शहर अध्यक्ष खिलावन निषाद, चंदखुरी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं मंदिर हसौद मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, लखोली मंडल अध्यक्ष ईश्वर जोगलेकर, आरंग मंडल अध्यक्ष भारत लोधी, पलौद मंडल अध्यक्ष शुभांशु साहू, भानसोज मंडल अध्यक्ष हरि बंजारे, चंदखुरी मंडल अध्यक्ष अनिल टंडन, समोदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, भैसा मंडल अध्यक्ष प्रकाश मारकंडे, गुल्लू मंडल अध्यक्ष पोषण साहू तथा कोसरंगी मंडल अध्यक्ष धन्ना साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खिलोरा की शिवमहापुराण कथा स्थल की सुरक्षा पर उठे सवाल, प्रशासन निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

- कथावाचक युवराज पांडे की कथा में पुख्ता सुरक्षा की मांग
- चोरी की वारदात रोज हो रही

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय युवा कथावाचक पंडित युवराज पांडे इन दिनों अपनी शिव महापुराण कथा के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जताई गई नाराजगी के कारण सुर्खियों में हैं। रायपुर के समीप खिलोरा क्षेत्र में आयोजित कथा के दौरान हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ के बीच सुरक्षा के अपर्याप्त इंतजामों पर उन्होंने खुले मंच से चिंता जाहिर की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कथा के दौरान पंडित युवराज पांडे ने कहा कि इतनी विशाल धार्मिक सभा के बावजूद प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, जिससे पंडाल क्षेत्र में चोरी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं और श्रद्धालुओं में भय का माहौल बन रहा है। उन्होंने हल्के हास्य के साथ लेकिन तीखे शब्दों में कहा गलती बस इतनी है कि हम छत्तीसगढ़िया हैं। उनका यह कथन लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है:** इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत आरंग के सदस्य श्रीमति कृष्णा महेश साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल एक कथावाचक की व्यक्तिगत नाराजगी नहीं, बल्कि हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। उन्होंने कहा कि पंडित युवराज पांडे की कथा सुनने छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही दुर्भाग्यपूर्ण है।कृष्णा महेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपरा और आस्था की पहचान ऐसे आयोजनों से जुड़ी है। यदि इतने बड़े आयोजन में पुलिस बल, ट्रैफिक नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था कमजोर रहती है, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी कहा कि कथावाचक ने जो बात मंच से कही, वह भले ही व्यंग्य के रूप में हो, लेकिन उसके पीछे छत्तीसगढ़िया होने के दर्द और उपेक्षा की भावना साफ झलकती है।जनपद सदस्य ने जिलाप्रशासन से मांग की है कि शिव महापुराण कथा स्थल पर पुलिस बल की संख्या बढ़ाई जाए, सादी वर्दी में निगरानी रखी जाए और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि धर्म और आस्था के आयोजनों में यदि लोग असुरक्षित महसूस करेंगे, तो यह समाज के लिए ठीक संकेत नहीं है।अंत में कृष्णा महेश साहू ने कहा कि पंडित युवराज पांडे जैसे कथावाचक समाज में सकारात्मक चेतना और संस्कार का संदेश दे रहे हैं। ऐसे में उनकी कथा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय वातावरण में संपन्न हो, यह प्रशासन और आयोजकों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वायरल वीडियो के बाद प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ठोस कदम उठाएगा।

# कंपनी के प्रदूषण से मढ़ी स्कूल की पढ़ाई पर लगा ग्रहण, पंचायत की भूमिका संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

- कंपनी के धूल-डस्ट और शोरगुल से पढ़ाई प्रभावित, सभापति को बताई समस्या



शासकीय हाईस्कूल मढ़ी से सटा संयंत्र से ग्रामीण सहित स्कूली बच्चों के लिए सिरदर्द बन गया है। स्कूली बच्चे कंपनी की धुल-डस्ट और शोरगुल के कारण ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उनका भविष्य अंधकार में है। बीते दिनों जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा स्कूल के औचक निरीक्षण पर पहुंची तो आलम देख दंग रह गई। इस दौरान स्कूली बच्चों और स्टाफ से चर्चा कर जायजा लिया और समस्याएं सुनी। इस दौरान अव्यवस्था देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान स्कूल में काफी समस्या नजर आई। जिसमें सबसे बड़ी समस्या निजी कंपनी के मनमानी के चलते स्कूलों में धुल डस्ट, ध्वनि प्रदूषण पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। स्कूल में काली परत जमा हुआ है। कक्षा के भीतर भी धुल जमी हुई है। उन्होंने इसे स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए चिंता जनक विषय बताया और कहा कि, इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। सभापति ने कहा कि स्कूल के समीप निजी संयंत्र को नियम विरुद्ध अनुमति दिया गया है। जिसका गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल रहा है। इस दौरान बच्चों ने शिक्षकों की कमी की भी जानकारी दी। स्कूल की समस्याओं को लेकर मढ़ी पंचायत की भूमिका भी संदिग्ध है। जहां के सरपंच-सचिव और पंचायत, स्कूल को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। चर्चा करने पर कंपनी का ही पक्ष लेते हुए पल्ला झाड़ने लगते हैं। निरीक्षण के दौरान घटिया किस्म के शेड लगाने पर अधिकारियों ने जवाब मांगा तो कंपनी से आए एक कर्मचारी गोलमोल जवाब देते हुए नजर आए। इसी बीच सरपंच प्रतिनिधि भी मौके से निकलते बने। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि हम लगातार स्कूल की समस्याओं से पंचायत और कंपनी को अवगत करा रहे हैं बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया।

स्वाति वर्मा जिला पंचायत सभापति ने कहा कि कंपनी प्रबंधन से हमने मांग रखी है कि, स्कूल के समय मालवाहक गाड़ियां न चलाई जाए साथ ही स्कूल की साफ-सफाई का भी नियमित रूप से ध्यान रखा जाए। मांग पूरी नहीं होती है तो कलेक्टर को पत्र लिख समस्या से अवगत कराया जाएगा।

पूर्णिमा साव, प्राचार्य ने बताया की स्कूल में चार व्याख्याता का पद रिक्त है। कंपनी द्वारा दो शिक्षकों की व्यवस्था स्वयं के व्यय पर की गई है। स्कूल में नियमित सफाई नहीं हो रही है। जिस पर ध्यान देने की जरूरत है।

### विसंगतियां पाई गई

निरीक्षण के दौरान स्कूल में कंपनी को लेकर कुछ विसंगतियां पाई गई है। कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर पाइंट नोट कराया गया है। आशा है जल्द ही समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा।

- एलके जाहिरे
सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी

## स्कूलों के मेधावी छात्रों ने किया गया सम्मान



**चंदखुरी।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में नगर पंचायत कुसमूंद स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में एक प्रेरणादायक मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बच्चों को छत्तीसगढ़ महतारी का छाया चित्र, कोस्टाहा (पगड़ी/टोपी) और गमछा भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना, उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना और स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था।

सम्मान समारोह में नगर पार्षद ग्रामवासी, सम्मानित शिक्षकगण और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने मेधावी छात्र-छात्राओं की मेहनत की सराहना की, उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा को समाज की प्रगति का मजबूत आधार बताया।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने घोषणा की कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित किया जाएगा, ताकि छत्तीसगढ़ के युवा पीढ़ी मजबूत और आत्मविश्वासी बने।

## उपरवारा में 26 को मड़ई- मेला लगेगा

**अभनपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम विकास समिति द्वारा 26 जनवरी सोमवार (गणतंत्र दिवस) को मंडई मेला महोत्सव का भव्य आयोजन ग्राम उपरवारा में रखा गया है। लेखराम घिदौड़े ने जानकारी देते बताया कि रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका पायल साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक मंजरी की प्रस्तुति दी जाएगी। मेला स्थल पर झूले, दुकानें एवं मनोरंजन के विविध साधन उपलब्ध रहेंगे।

# स्मार्ट मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने वालों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अटल नगर के कार्यपालन अभियंता शशांक श्रीवास्तव के नेतृत्व में इलाके में बकाया राजस्व वसूली का अभियान चलाया जा रहा जिसके अंतर्गत मंदिर हसौद, चंदखुरी, भानसोज संभाग में अभी तक 450 उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया बिल न चुकाने के कारण स्मार्ट मीटर से ऑनलाइन विच्छेदित किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 400 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि का भुगतान कर कनेक्शन बहाल करवा लिया है। शेष बाकी उपभोक्ताओं के परिसरों में स्थल निरीक्षण जारी है, जिसमें कुछ जगह मीटर बायपास और बिजली चोरी जैसी अनियमितताएं के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे ही दो मामले चंदखुरी के ग्राम नगपुरा के घासनीन बाई और चंदखुरी बस्ती के हरि राम धीवर के यहां मिले।

दोनों उपभोक्ता के यहां बकाया बिजली बिल था। इस कारण माह दिसंबर 2025 को उनका कनेक्शन ऑनलाइन डिस्कनेक्ट कर दिया गया। भुगतान न होने पर स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उपभोक्ता ऑनलाइन लाइन कटने पर बकाया राशि जमा नहीं करने के बावजूद मीटर बॉडी का सिल तोड़ दिया और इनकमिंग टर्मिनल में आउटगोइंग सर्विस वायर को सीधे बायपास कर लगा दिया। इससे मीटर में बिजली खपत दर्ज नहीं हो रही थी, जिससे कंपनी को भारी नुकसान हो रहा था। यह मामला भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 (मीटर छेड़छाड़ एवं विद्युत चोरी से संबंधित) के अंतर्गत आता है।

### विभाग की चेतावनी, ईमानदार उपभोक्ताओं पर न पड़े बोझ

सीएसपीडीसीएल अधिकारियों ने इसकी शिकायत चंदखुरी थाना प्रभारी (थाना मंदिर हसौद) में कर पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। विद्युत चोरी के ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर 3 वर्ष तक की कैद या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। सीएसपीडीसीएल अधिकारियों ने कहा कि कंपनी बिजली चोरी के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है, ताकि ईमानदार उपभोक्ताओं पर अनुचित बोझ न पड़े। यह घटना छत्तीसगढ़ में बढ़ते बिजली चोरी के मामलों की ओर इशारा करती है, जहां मीटर टैम्परिंग और बायपास जैसी तकनीकें आम हो गई हैं। पुलिस अब जांच में जुटी है और जल्द ही आगे की कार्रवाई होने की उम्मीद है। बिजली चोरी या मीटर छेड़छाड़ के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करना, जुर्माना और कनेक्शन स्थायी रूप से काटना शामिल है।

# मड़ई-मेले में ग्रामीण जीवन को मिलती है ऊर्जा और खुशी



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में मेला मड़ई का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। लंबे अंतराल के बाद गांव में मड़ई मेला के आयोजन से गांव में उत्साह का माहौल था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिल्दा जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मेला मड़ई का पर्व गाँव के खुशहाली के लिए मनाया जाता है। धान कटाई मीजाई के बाद साल भर मेहनत कर किसान अपने परिवार के साथ एकत्रित होकर बीते दिनों को याद कर सुख दुःख की बात करते है। उसी के उपलक्ष्य में पूर्वजो के जमाने से मेला मड़ई गाँवो में मनाया जाता है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच, रंग छत्तीसा पूनम विराट तिवारी राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया था। ग्राम पंचायत द्वारा आस पास के ग्रामो से आये जनप्रतिनिधि व मितानिन का सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच नंदकुमार साहू, उप सरपंच टाकेश्वर निर्मलकर थे। इस अवसर पर मोहदा सोसायटी अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा, खैरखूँट सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, सांकरा सरपंच प्रतिनिधि एवन पाटिल, खैरखूँट सरपंच प्रतिनिधि गुनुराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**आम सूचना**

(ग्राम मठपुरैना, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि के संबंध मे)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लीलाधर साहू पिता विष्णु राम साहू निवासी मकान नंबर 1040, शिव नगर, झंडा चौक, वार्ड नंबर 67, न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. एवं विक्रेता इन्द्राणी बाई साहू पति श्री विरेन्द्र साहू निवासी महादेव घाट रोड, देवांगन आटा चक्की के पीछे, देवनगरी, रायपुरा रायपुर छ. ग. के मध्य ग्राम मठपुरैना प.ह.न. 61 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 325/463 रकबा 0.0074 हे. याने 800 वर्गफीट भूमि का विधिवत क्रय विक्रय का सौदा कर लिया है तथा दोनो पक्षो के मध्य विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है।

अतः यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, वित्तीय संस्था, कंपनी, फर्म, अथवा अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर प्रमाण सहित अपना लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति नही होने पर यह माना जायेगा कि किसी को उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा या आपत्ति नही है । तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगे, जिसके लिए बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगी। यह सूचना जनहित मे प्रकाशित की जाती हैं

स्थान - रायपुर (छ. ग.)
दिनांक - 24/01/2026

**गोविन्द साहू अधिवक्ता**
**आफिस :- गली नंबर 04, कोटा रोड, गोकुल नगर गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 9754579294**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# देश के पहले जनजातीय डिजिटल संग्रहालय की थीम पर सज रही छत्तीसगढ़ की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गणतंत्र दिवस कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी अपनी विशिष्ट और आकर्षक प्रस्तुति देगी। इसके लिए तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ की झांकी देश के पहले जनजातीय डिजिटल संग्रहालय की थीम पर आधारित है।

इसमें जनजातीय समाज की जीवनशैली, पारंपरिक कला, लोकनृत्य, वेशभूषा और ऐतिहासिक विरासत की झलक को प्रदर्शित किया गया है। जनजातीय वर्ग की ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान की झलक दिखाने नारायणपुर के लोक कलाकार जैनू सलाम की टीम के एक दर्जन कलाकर झांकी के साथ दिखेंगे। झांकी में सामने आजादी के गुमनाम नायकों में से एक रहे बस्तर के गुंडाधुर ने आदिवासियों की धरती को बचाने के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध 'भूमकाल' आंदोलन का नेतृत्व किया और अंग्रेजों द्वारा तमाम छल-बल अपनाने के बावजूद वे कभी पकड़े नहीं गए। झांकी के पीछे शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सोनाखान के जमींदार को दिखाया गया है। जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान की जानकारी दर्शाने वाली झांकी का चयन के बाद 26 जनवरी को यह नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखेगी।

- कर्तव्य पथ पर दिखेगी जनजातीय संस्कृति की जीवंत झलक
- दिल्ली-कोलकाता के कारीगर कर रहे तैयार, छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार करेंगे प्रतिनिधित्व




## दिल्ली और कोलकाता के कारीगर कर रहे तैयार

झांकी को तैयार करने के लिए दिल्ली और कोलकाता के कारीगर मिलकर काम कर रहे हैं। कर्तव्य पथ पर रिहर्सल पूरी होने के बाद इसे आकर्षक बनाने अंतिम रूप दिया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग की देखरेख में बन रही झांकी में छत्तीसगढ़ की हरियाली की झलक भी देखने को मिलेगी।

## जनजातीय वर्गों की ऐतिहासिक गौरवगाथा

गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ की झांकी देश के पहले जनजातीय डिजिटल संग्रहालय की थीम पर आधारित है, जिसमें राज्य की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और आधुनिक तकनीक के समन्वय को प्रभावशाली एवं सृजनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। झांकी में मुख्य तौर पर अंग्रेजी हुकूमत के दौरान जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बने शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय संग्रहालय पर आधारित है। छत्तीसगढ़ में जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान की जानकारी इसके माध्मम से होगी।

## राज्योत्सव पर हुआ था लोकार्पण

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्योत्सव की रजत जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1 नवम्बर को इस भव्य संग्रहालय को लोगों को समर्पित किया गया। संग्रहालय पूरी तरह से डिजिटल है। शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। यहां 14 गैलरियों में अंग्रेजी हुकूमत काल में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की लगभग 650 मूर्तियां लगाई गई हैं। जनजातीय विद्रोहों के बारे में लोग आसानी से समझ सकें, इस लिहाज से डिजिटल व्यवस्था भी की गई है।

## खबर संक्षेप

### खनिज संपदा के दोहन से उद्योगपतियों का विकास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल, जंगल, जमीन जिस तरह से आदिवासियों से छीनकर निजी उद्योगपतियों को दी जा रही है, उस पर आम आदमी पार्टी द्वारा राजधानी रायपुर के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बताया कि यह विकास केवल उद्योगपतियों का और सरकार में बैठे कुछ लोगो का है तथा यह लड़ाई पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों की लड़ाई है, लेकिन केवल इसे आदिवासियों की लड़ाई सरकार बनाने की कोशिश कर रही है, जबकि इस लड़ाई को केवल आदिवासी समुदाय के लोग लड़ रहे हैं। यह लड़ाई समग्र छत्तीसगढ़ के लोगों की है, केवल आदिवासियों को विकास विरोधी बनाने की साजिश यह सरकार कर रही है, जबकि दशकों से दंतेवाड़ा, भानुप्रतापपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा से खनिज संपदाओं का दोहन कर रही है, लेकिन इन सभी क्षेत्रों में असल विकास हुए या सरकार केवल कुछ मुट्ठी भर लोगो के फायदे को विकास का नाम दे रखी है।

### कार्यशाला में दिल्ली जाएंगी भाजपा की नेत्रियां

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महिला समन्वय समिति की बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन 27 जनवरी को दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी, महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से शामिल होंगी। बैठक एवं कार्यशाला के दौरान महिला सशक्तिकरण, संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### यूपी संगठन सृजन अभियान में मरकाम, डहरिया और दीपक बने पर्यवेक्षक

**रायपुर।** एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ में संगठन सृजन अभियान पूरा होने के बाद अब बिहार, यूपी, गोवा, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय राज्यों में अभियान शुरू किया है। वहां पर संगठन सृजन अभियान पूरा कराने यूपी में छत्तीसगढ़ के तीन नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जा रहा है। इनमें पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया और प्रदेश कांग्रेस महामंत्री दीपक मिश्रा के नाम शामिल हैं। वहीं नागालैंड राज्य में पूर्व मंत्री उमेश पटेल को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जा रहा है।

### कथा वाचक युवराज महाराज को सुरक्षा न देना सरकार का दोहरा चरित्र : शुक्ला

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य के प्रसिद्ध कथावाचक एवं भागवताचार्य श्री युवराज महाराज द्वारा अपनी कथाओं के लिये सुरक्षा नहीं देने पर चिंता व्यक्त करना बहुत ही दुखद है। यह भाजपा सरकार का असली चरित्र है। एक तरफ तो भाजपा सरकार ढोंग-ढकोसला का प्रचार करने वाले स्वयंभू धीरेन्द्र शास्त्री को लेने, छोड़ने के लिये राज्य शासन का विमान भेजती है।

**आम सूचना**

(ग्राम मठपुरैना, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि के संबंध मे)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लीलाधर साहू पिता विष्णु राम साहू निवासी मकान नंबर 1040, शिव नगर, झंडा चौक, वार्ड नंबर 67, न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. एवं विक्रेता इन्द्राणी बाई साहू पति श्री विरेन्द्र साहू निवासी महादेव घाट रोड, देवांगन आटा चक्की के पीछे, देवनगरी, रायपुरा रायपुर छ. ग. के मध्य ग्राम मठपुरैना प.ह.न. 61 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 325/463 रकबा 0.0074 हे. याने 800 वर्गफीट भूमि का विधिवत क्रय विक्रय का सौदा कर लिया है तथा दोनो पक्षो के मध्य विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है।

अतः यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, वित्तीय संस्था, कंपनी, फर्म, अथवा अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर प्रमाण सहित अपना लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति नही होने पर यह माना जायेगा कि किसी को उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा या आपत्ति नही है । तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगे, जिसके लिए बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगी। यह सूचना जनहित मे प्रकाशित की जाती हैं

स्थान - रायपुर (छ. ग.)

दिनांक - 24/01/2026

गोविन्द साहू अधिवक्ता
आफिस :- गली नंबर 04, कोटा रोड, गोकुल नगर गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9754579294

### कांग्रेस एसआईआर पर झूठ बोलकर राजनीति कर रही : विजय शंकर मिश्रा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, कांग्रेस एसआईआर को लेकर प्रदेश में गलत माहौल बनाने का काम कर रही है। एक राजनीतिक दल होने के नाते कांग्रेस को शिकायत करने का अधिकार तो है, पर कांग्रेस उन शिकायतों के समाधान के बजाय झूठ बोलकर ओछी राजनीति कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में स्पष्ट रूप से यह विषय रखा है, जो आम जनमानस को समझ में आ रहा है। कांग्रेस मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने से रोक रही है, क्योंकि वह घुसपैठियों को बचाना चाहती है। भारत का संविधान यह सुनिश्चित करता है कि मतदाता को भारत का नागरिक होना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने कहा, घुसपैठियों को भारत का नेतृत्व चुनने का अधिकार नहीं है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत करता है, लेकिन कांग्रेस आज देश में भ्रामक प्रचार कर रही है और देश का वातावरण बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि निर्वाचन आयोग और भाजपा अलग-अलग हैं। एसआईआर चुनाव आयोग करा रहा है और उसके सामने भाजपा और कांग्रेस, दोनों की स्थिति एक समान है। अगर कहीं कोई गड़बड़ी सामने आती है, तो हम भी निर्वाचन आयोग से उसकी शिकायत करते हैं।



## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए धान खरीदी की समीक्षा

# पिछले साल 45 समितियों में 5580 क्विंटल धान मिला था शॉर्टेज, भुगतान में 1.72 करोड़ रुपए की कटौती कर वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले के 45 समितियों में 5580 क्विंटल धान का शॉर्टेज मिला था, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ 72 लाख रुपए थी। इस शॉर्टेज धान की भरपाई समितियों को भुगतान राशि में कटौती कर किया है। विपणन संघ मर्यादित के जिला अधिकारी ने बताया कि इस मामले में लेखा मिलान करने के जिला सहकारी बैंक को भेजा गया था, जिसके आधार पर समितियों को किए गए भुगतान राशि में शॉर्टेज धान के बराबर राशि की कटौती की गई। उन्होंने बताया कि इस राशि की वसूली धान खरीदी शुरू होने से पूर्व ही कर ली गई है।

### भौतिक सत्यापन में कुल 16500 क्विंटल धान मिला था शॉर्टेज

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में 139 धान उपार्जन समितियों के माध्यम से किसानों से कुल 6997417.20 क्विंटल धान खरीदा गया था। इस दौरान धान उठाव के दौरान समितियों में धान का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 45 समितियों में 16500 क्विंटल धान (शॉर्टेज) गायब मिला था, जिसकी कुल कीमत प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए की दर से लगभग 5 करोड़ रुपए थी। इन समितियों में इतनी बड़ी मात्रा में धान का शॉर्टेज मिलने पर विपणन संघ ने कलेक्टर के निर्देश पर इन सभी समितियों को नोटिस जारी किया था, जिसमें शॉर्टेज धान को जमा नहीं कराने की स्थिति में उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि इस नोटिस के बाद इन समितियों में किसी ने धान तो किसी ने बदले में राशि का भुगतान किया था। इसके बाद भी 10920 क्विंटल धान की ही रिकवरी हो पाई थी। शेष 5580 क्विंटल धान के लिए विभाग ने दोबारा नोटिस जारी किया था, लेकिन इसके बाद समितियों ने न ही धान लौटाया और न ही बदले में राशि लौटाई।

**45 समितियों से 5580 क्विंटल धान गायब, 1 करोड़ 72 लाख रुपए की होगी वसूली, नहीं दिया तो एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 का करीब 5580 क्विंटल धान 45 समितियों से गायब हो गया है। समितियों के किए गए भौतिक सत्यापन के बाद यह गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद अब खाद्य विभाग ने गायब धान के बदले समितियों से राशि की रिकवरी करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन नोटिस के बाद भी अगर समितियों ने गायब धान के बदले राशि जमा करने की पहल शुरू कर दिए हैं, लेकिन कई समिति प्रबंधक गायब धान को सूखत बताते हुए राशि देने से इनकार भी कर रहे हैं। इसे देखते हुए विभाग अब ऐसी समितियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है।

**इन समितियों से इतना धान गायब**

| समिति | धान (क्विंटल) |
|---|---|
| गुमा | 560 |
| नगपुरा | 480 |
| तमासिवनी | 419.20 |
| पोंड | 318.80 |
| फरहदा-खरोरा | 300.40 |
| मुनरेठी | 280 |
| खरोरा | 243.60 |
| सरोरा | 229.20 |
| कोसरंगी | 226.40 |
| बुडेरा | 217.20 |
| बेल्दासिवनी | 202.40 |
| कनकी | 193.60 |
| खोरसी | 188.40 |
| गोइंदा | 183.20 |
| नरदहा | 163.60 |
| धरसीवा | 149.60 |
| पलौद | 142 |
| बेल्दारसिवनी | 118 |
| तिल्दा | 116 |
| टोहडा | 110 |
| मोखला | 96 |
| असौंदा | 86.80 |
| बंगोली | 86.80 |
| दतरेंगा | 71.20 |
| जरौद | 68.80 |
| धरमपुरा | 68.40 |
| बुढेनी | 63.60 |
| लखौली | 52.80 |
| छड़िया | 30 |
| सोंडरा | 29.60 |
| सुंदरकेरा | 26.80 |
| उरला | 23.20 |
| दोंदेकला | 10.80 |
| नगरगांव | 10 |
| बेंद्री | 07.60 |
| खौना | 02 |
| केंद्री | 0.80 |
| सारागांव | 0.80 |
| अमोदी | 0.40 |
| कठिया-नवापारा | 0.40 |
| टेकारी मंदिर हसौद | 0.40 |
| नवापारा | 0.40 |
| नारा | 0.40 |
| सकरी अभनपुर | 0.40 |



**रिकवरी का पूरा प्रयास नहीं तो एफआईआर**

नोटिस के बाद कई समितियों ने गायब धान या बदले में राशि जमा कराई है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना शेष है। बचे धान की रिकवरी का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कई समितियां सूखत बताकर लौटा नहीं रही हैं। नहीं लौटाने पर एफआईआर कराएंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

**16500 क्विंटल हुआ था गायब 10920 क्विंटल कराया जमा**

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले में कुल 139 समितियों ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 6997417.20 क्विंटल धान खरीदा था। इसके एवज में 45 समितियों से 16500 क्विंटल धान गायब मिला था, जिसका खुलासा खाद्य विभाग द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में हुआ। इस तरह प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए के हिसाब से 5 करोड़ रुपए से अधिक कीमत का धान इन समितियों से गायब हुआ। विभागीय अधिकारी का कहना है कि भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई, जिस पर कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित समितियों से गायब धान के बदले राशि रिकवरी करने और नहीं देने पर गाइड लाइन के तहत कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में विभाग ने इन समितियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के विरुद्ध कई समितियों ने धान और बहुतों ने धान के बदले राशि भी लौटाई। इस तरह समितियों ने 10920 क्विंटल की भरपाई कर दी है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना बाकी है।

### इन समितियों में मिला था धान शॉर्टेज

गुमा, नगपुरा, तामासिवनी, पोंड, फरहदा-खरोरा, मुनरेठी, खरोरा, सरोरा, कोसरंगी, बुडेरा, बेल्दासिवनी, कनकी, खोरसी, गोइंदा, नरदहा, धरसींवा, पलौद, बेल्दासिवनी, तिल्दा, टोहडा, मोखला, असौंदा, बंगोली, दतरेंगा, जरौद, धरमपुरा, बुढेनी, लखौली, छड़िया, सोंडरा, सुंदरकेरा, उरला, दोंदेकला, नगरगांव, बेंद्री, खौना, केंद्री, सारागांव, अमोदी, कठिया-नवापारा, टेकारी मंदिर हसौद, नवापारा, नारा, सकरी अभनपुर शामिल थे। इन समितियों में अधिकतम 560 क्विंटल से लेकर न्यूनतम 40 क्विंटल तक धान शॉर्टेज मिला था।

### भुगतान राशि में कटौती कर वसूली गई शेष धान की राशि

विपणन संघ ने शेष शॉर्टेज 5580 क्विंटल धान की राशि की वसूली समितियों को भुगतान राशि में कटौती कर की है। विपणन संघ ने लेखा मिलान करके राशि कटौती कर समितियों को भुगतान करने के लिए सहकारी बैंक को प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत इन समितियों से शेष राशि की वसूली की गई।

### धान खरीदी शुरू होने से पहले कर ली वसूली

पिछले वर्ष धान खरीदी के दौरान जिले के 45 समितियों में धान शॉर्टेज मिला था। इनमें 1.72 करोड़ रुपए की वसूली होनी बाकी थी। इसे समितियों के भुगतान राशि में कटौती करके धान खरीदी शुरू होने से पहले ही कर ली गई है।

- जशबीर सिंह बघेल
डीएमओ
विपणन संघ मर्यादित रायपुर

### अंबागढ़-चौकी के किसान की आत्महत्या सरकार प्रायोजित हत्या : बैज

**रायपुर।** धान नहीं बिकने से परेशान मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी जिला के ग्राम बोहरभेड़ी निवासी किसान खोमन साहू की आत्महत्या को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार प्रायोजित हत्या बताया है। भाजपा सरकार लगातार किसानों के धान नहीं खरीदने का बहाना बना रही है, अड़चने पैदा कर रही, जिसमें किसान परेशान होकर आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों का टोकन नहीं कटने दे रही, रकबा सरेंडर करवा रही, कोठार सत्यापन करवा कर परेशान कर रही है। जिसके कारण किसानो में बेचैनी है और किसान आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा रहे हैं। धान खरीदी में गिनती के तीन-चार दिन बचे है। अभी तक प्रदेश के 9.5 लाख से अधिक किसान धान नहीं बेच पाए हैं। इस कारण किसानों में अफरा-तफरी का माहौल है। जिसके कारण किसान हताश हो गये है। सरकार आत्महत्या करने वाले किसान के परिजनों को 1 करोड़ का मुआवजा दे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि टोकन की समस्या से किसान पूरी धान खरीदी के दौरान जूझते रहे हैं, विगत दिनों टोकन के लिए सोसायटी के चक्कर काट कर थक चुके महासमुंद जिले के सेंधभाठा के किसान मनोबोध गाडा ने अपना गला रेत लिया था, कोरबा जिले के किसान बैशाखू मरकाम जहर खाने मजबूर हुये, कल रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड के बकेली में 15 दिनों से टोकन के लिए भटक रहे किसान कृष्ण कुमार गबेल ने हताश होकर कीटनाशक पी कर आत्महत्या का प्रयास किया।



## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए धान खरीदी की समीक्षा



कलेक्टर गौरव सिंह ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर गौरव सिंह ने शनिवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नोडल अधिकारियों की बैठक ली और धान खरीदी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों के लिए नियुक्त किए गए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं केंद्र नोडल अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। इस बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान विक्रय हेतु केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो तथा पात्रतानुसार एवं निर्धारित सीमा के भीतर ही धान उपार्जन किया जाए।

# नालंदा पार्ट 2 पर कांग्रेस ने साव-मूणत से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में साइंस कालेज की चौपाटी वाली जगह पर नालंदा पार्ट 2 के निर्माण को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और रायपुर पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत से 10 सवाल पूछते हुए उसका जवाब मांगा है।



श्री मेनन ने आरोप लगाया कि पिछले 3-4 सालों से रायपुर स्मार्ट सिटी के तहत यूथ हब को नियम के विपरीत बताकर जनता को गुमराह किया गया है, जबकि विधानसभा में नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के जवाब में स्पष्ट हो चुका है कि यूथ हब नियमों के अनुसार बना था। इसके बावजूद इसे अवैध बताकर तोड़ा गया, जो कि दुर्भाग्य पूर्ण और जनता के साथ धोखा है। कांग्रेस नेता श्री मेनन का कहना है कि 7 करोड़ की लागत से बने यूथ हब को तोड़ने से 400 लोगों की आजीविका छिन गई।

उन्होंने सवाल किया कि क्या नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव या पश्चिम विधायक राजेश मूणत प्रभावितों को दोबारा रोजगार दिलाएंगे? उन्होंने ये भी पूछा कि क्या किसी जनप्रतिनिधि ने तोड़ी गई दुकान की वर्तमान स्थिति जानने की कोशिश की?

### गोपाल मंदिर में स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** गोपाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा माहेश्वरी सभा एवं महिला समिति के सहयोग से गोपाल मंदिर सदर बाजार मे रविवार एवं सोमवार को सुबह 10 बजे से एक्यूपंक्चर पद्धति का स्वास्थ्य शिविर आयोजित है। शिविर में जगदलपुर से आये डॉ वीएल सोनी अपनी सेवायें देंगे।

# महंत की निर्वाचन आयोग से मांग- छत्तीसगढ़ में फॉर्म -7 के दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाएं

## भारत निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर मांग की है कि छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची की शुद्धता के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। लोकतंत्र के हित में यह कदम स्वागत योग्य हो सकता था, यदि इसके बाद मताधिकार पर सुनियोजित हमला न किया जाता। उन्होंने लिखा, आज स्थिति यह बन चुकी है एसआईआर पूर्ण होने के बावजूद हर विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के हजारों नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर दिए जाने का भय सता रहा है, जबकि वे वर्षों से लगातार चुनावों में मतदान करते रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत निर्वाचन आयोग देश के लोकतांत्रिक भविष्य पर मंडराते खतरे पर तत्काल हस्तक्षेप करे।

उन्होंने कहा, जानकारी मिल रही कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बैठकें लेकर यह रणनीति बनाई कि सभी विधानसभाओं में ऐसे वर्ग विशेष के मतदाताओं की पहचान की जाय जो भाजपा के मतदाता नहीं हैं। उनके नाम सूची से विलोपित करवाने फॉर्म 7 में विवरण भर कर जिला मुख्यालयों में जमा कराया जाय। एक व्यक्ति 5 फार्म भरकर जमा करे और प्रत्येक बूथ पर 200 मतदाताओं के नाम विलोपित करवाए जाय। बूथ स्तर पर ब्लेंक फॉर्म भरने वाले कार्यकर्त्ताओं को न्यूनतम 100 नाम कटवाने के लिए अघोषित तौर पर अधिकृत किया गया है, जिसके लिए उन्हें निर्देश है कि उनको इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि वह मतदाता भाजपा का मतदाता न हो। मोटे तौर पर यह स्थापित हो रहा है कि प्रत्येक विधानसभा से लगभग 20 हजार वर्ग विशेष के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### निर्वाचन आयोग से की मांग

उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि फॉर्म-7 की इस प्रकार की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। वर्ष 2003 अथवा उससे पूर्व से दर्ज, मतदाताओं अथवा उनके परिजनों के नाम "संदेह के आधार" पर हटाने की कार्रवाई बंद की जाए। आवेदन को स्वीकार करने से पहले कारण, साक्ष्य एवं मंशा की विधिवत जांच हो। यह सुनिश्चत किया जाए कि किसी भी समुदाय,धर्म, समूह के मतदाताओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार न हो। मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निगरानी टीम गठित कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की इस वर्ष की थीम "मेरा भारत, मेरा वोट" रखी गई है, जबकि टैगलाइन "भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक" निर्धारित की गई है। रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन प्रातः 11 बजे इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय, रायपुर स्थित विवेकानंद सभागार में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है।

समारोह में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों तथा मतदाताओं को विशेष पहल कर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले जिलों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा, प्रमुख लोकायुक्त, छत्तीसगढ़ लोक आयोग होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ जिला निर्वाचन पुरस्कार अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, सूरजपुर, दुर्ग एवं जशपुर जिलों को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला मुंगेली को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुरस्कार हेतु प्रतिमा ठाकरे, जिला बालोद, हरि शंकर पैकरा, जिला महासमुंद, गगन शर्मा जिला बस्तर, चांदनी कंवर जिला सूरजपुर तथा देवेंद्र कुमार चौधरी जिला जांजगीर-चांपा को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रेणी में ढालसिंह विसेन जिला दुर्ग, ख्याति नेताम जिला रायपुर, पंचराम सलामे जिला बीजापुर, दानिश परवेज जिला बलरामपुर एवं शिव कुमार डनसेना जिला रायगढ़ को सम्मान प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन पर्यवेक्षक के लिए हरीश भाटिया जिला राजनांदगांव को सम्मानित किया जाएगा। वहीं स्पेशल अवार्ड श्रेणी में रायपुर के विनोद कुमार आगलावे एवं विनोद कुमार सोनकेसरिया को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही संभागवार 5 सहायक प्रोग्रामर, 5 डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा 10 बूथ लेवल ऑफिसर को भी सम्मानित किया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



देशभक्ति के रंग
महाबचत के संग
UP TO ₹26000* CASHBACK
BAJAJ FINANCE
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
Up to 70% OFF*
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
VOLTAS IRON
₹1000/-
₹399/-
OFFER PRICE
KENSTAR MIXI SET
₹5,790/-
₹1499/-
OFFER PRICE
VOLTAS 1.5 TON 3 STAR COPPER AC
54,990*/-
₹24,990/-*
OFFER PRICE
2 TON 3 STAR COPPER AC
85,000/-*
₹33,990/-*
OFFER PRICE
स्कैन करें और पाएं
₹3000/-*
तक का वाउचर
Smart Android
LED TV 43"
₹11,499/-
OFFER PRICE
4K Smart Android
LED TV 50"
₹26,990/-
OFFER PRICE
4K Smart Android
LED TV 55"
₹28,990/-
OFFER PRICE
4K Smart Android
LED TV 65"
₹35,990/-
OFFER PRICE
LED TV 32"
₹6,490/-
Smart Android
4K SMART ANDROID LED TV
TAKE HOME AT JUST
₹0/-*
DOWNPAYMENT
EMI STARTS FROM
₹999/-*
PER MONTH
SPECIAL SCHEME
SONY SAMSUNG 1+ LG
TAKE HOME RO
@JUST ₹0* DOWNPAYMENT
@JUST ₹61* PER DAY EMI
@JUST ₹888* MONTHLY EMI
@JUST ₹0* DOWNPAYMENT
Aquaguard DISCOUNT UP TO 50%
Aquaguard KENT LG AO Smith
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
PRICE RANGE STARTS FROM
₹46990/-
EMI STARTS FROM
₹1888/-
FROST FREE REFRIGERATOR
PRICE RANGE STARTS FROM
₹21990/-
EMI STARTS FROM
₹1490/-
SINGLE DOOR DC REFRIGERATOR
PRICE RANGE STARTS FROM
₹11990/-
EMI STARTS FROM
₹999/-
TAKE HOME ANY ONE PRODUCT AT JUST
₹0/-*
DOWNPAYMENT
SAMSUNG LG Whirlpool VOLTAS beko
20% To 50% OFF*
WATER GEYSER
KENSTAR HAVELLS VOLTAS AO Smith
3STAR 1.5 TON AC STARTING RANGE just ₹30,990/-*
22-40% OFF*
NEW MODEL 2025
VOLTAS DAIKIN SAMSUNG GENERAL LG BLUE STAR
TAKE HOME @JUST ₹83* PER DAY EMI
TAKE HOME @JUST ₹0* DOWN PAYMENT
TAKE HOME @JUST ₹92* PER DAY EMI
TAKE HOME @JUST ₹166* PER DAY EMI
TAKE HOME @JUST ₹99* PER DAY EMI
TAKE HOME @JUST ₹0* DOWN PAYMENT
TOP LOAD FULLY AUTOMATIC WM
LG SAMSUNG Whirlpool IFB VOLTAS beko
PRICE STARTS FROM ₹13990/-
EMI STARTS FROM ₹990/-
TAKE HOME AT JUST ₹0 DOWNPAYMENT
FRONT LOAD FULLY AUTOMATIC WM
PRICE RANGE STARTS FROM
₹21990/-
EMI STARTS FROM
₹990/-
LG Whirlpool IFB SAMSUNG VOLTAS beko
SEMI AUTOMATIC WM
LG SAMSUNG Whirlpool VOLTAS beko
PRICE STARTS FROM ₹7990/-
EMI STARTS FROM ₹888/-
DEEP FREEZER
PRICE RANGE STARTS FROM
₹18990/-
EMI STARTS FROM
ONLY ₹80/- PER DAY
VOLTAS BLUE STAR
बजाज फाइनेंस है तो चिंता किस बात की
1 EMI OFF*
15000/-*
तक का INSTANT कैशबैक
✓ 1 EMI REFUND ON SELECTED BRAND ✓ ALL BANK DEBIT CARD CREDIT CARD ACCEPTED
✓ SPECIAL CASHBACK FOR EMI CARD CUSTOMERS
SMALL APPLIANCES
TAKE HOME ALL @ JUST
₹44* EMI PER DAY
Invoice Financing
UP TO 20-50% OFF*
₹0 DOWNPAYMENT
UP TO 20-40% OFF*
KUTCHINA
हर डिज़ाइन के फर्नीचर कस्टमाइज़ेशन की सुविधा उपलब्ध
आज शो रूम खुला रहेगा
BEDROOM SET
₹32,000/-* मात्र
L SHAPE SOFA
₹26,000/-* मात्र
NEW STOCK AVAILABLE
DINING 6 SEATER
₹15,999/-* मात्र
MARBLE TOP CENTER TABLE
₹13,000/-* मात्र
ALMIRAH
₹7,999/-* मात्र
EASY FINANCE
सभी कार्ड धारकों के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
BAJAJ FINSERV HDFC BANK AXIS BANK Standard Chartered SBI card citi Bank of Baroda FEDERAL BANK kotak
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
संपर्क : 88199 00083, 99261 27001
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर | श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
*OFFER ON SELECTED BRANDS *T&C APPLY
नियम व शर्तें लागू
SONY SAMSUNG LG mi 1+ ONEPLUS EUREKA FORBES KENT Whirlpool IFB VOLTAS PHILIPS KENSTAR GENERAL KUTCHINA DAIKIN

## खबर संक्षेप



### कथा कराना गलत नहीं धर्म को टारगेट न करें

रायपुर। समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने कहा है, बाबा, ढाबा और साबा ये क्या शब्द हैं। शहर में कथा कराना गलत नहीं है। धर्म को टारगेट ना किया जाए। मैं लगातार धर्म के लिए काम कर रहा हूं, इससे कुछ लोग परेशान हैं। मेरे जीवन में सनातन धर्म और संस्कृति से बढ़कर कुछ भी नहीं है। अपने पर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग उनकी छवि खराब करने का सुनियोजित प्रयास कर रहे हैं, जो कि गलत है। पत्रकारों से चर्चा में बसंत अग्रवाल ने ये बातें कही। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से जिस-जिस व्यक्ति ने उनकी छवि खराब करने की कोशिश की है, उन्हें जल्द ही लीगल नोटिस भेजा जाएगा। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनेपर लगे आरोपों के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे। बसंत अग्रवाल ने मीडिया से अपील की है कि भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें, खबरें प्रसारित करने से पहले सत्यता की परख और संबंधित व्यक्ति का पक्ष जरूर लें।

### गुढ़ियारी स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व



रायपुर। बसंत पंचमी पर्व पर महाबीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी में महाराज अखिलेश एवं आवेश शर्मा की पूरी टीम द्वारा विद्यालय में मंत्र श्लोक के साथ मां सरस्वती की पूजा-आरती सामूहिक रूप की गई। साथ ही भजन, कीर्तन, वाद्ययंत्र के माध्यम से मां सरस्वती की आराधना की गई। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय सिंह जडेजा एवं उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा, विद्यालय के प्राचार्य तपन कुमार चौधरी, समस्त शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।

## निधन

### विजय निमोणकर



रायपुर। महोबा बाजार निवासी विजय निमोणकर (तात्या) (93) का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से कोटा श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रसन्न, जयदीप और प्रतिमा (सोनू) के पिता, प्रीति, वंदना, संगीता और चैतन्य मुंजे के ससुर थे।

### रमेश अग्रवाल



रायपुर। रायपुर निवासी रमेश अग्रवाल का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे गौरीशंकर, प्रकाश, सोनंद, जसु के बड़े भाई थे।

### राम बाई सेन



रायपुर। न्यू सुभाष नगर टिकरापारा निवासी राम बाई सेन का 24 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जनवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नारद सेन, राकेश सेन (लकेश्वर सेन) और ओमप्रकाश सेन के माता थीं।

# पंद्रह साल में पहली बार 'लंबी ठंड' राजधानी समेत पूरा प्रदेश रहा प्रभावित, अब कम होने लगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवंबर के अंतिम दिनों से शुरू हुई ठंड ने इस बार जनवरी तक असर दिखाया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो राज्य में पंद्रह साल में पहली बार ठंड की अवधि इतनी लंबी रही है। इस बार आने वाला पश्चिमी विक्षोभ असरदार नहीं हो सका और प्रशांत महासागर में सक्रिय ला-नीना ने बारिश के बाद ठंड के मौसम को भी सामान्य से बेहतर बनाया।

- सरगुजा के सीमावर्ती इलाकों में शून्य तक पहुंचा था तापमान
- माना में रिकार्ड

नवंबर में जब ठंड की शुरुआत हुई, तो कुछ दिनों में ही उत्तरी क्षेत्र में शीतलहर जैसे हालात बन गए और मध्य इलाका भी इससे प्रभावित हो गया। अंबिकापुर में इस तरह के शीतलहर वाले हालात दस साल में पहली बार बने थे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कई सालों में दिसंबर में सक्रिय होने वाला पश्चिमी विक्षोभ ठंड को प्रभावित करता था। इस बार सक्रिय ला-नीना ने विक्षोभ को देश के उत्तरी हिस्से में सीमित रखा और छत्तीसगढ़ समेत मध्य हिस्सा ठंड से कांपता रहा। राज्य में अच्छी ठंड की स्थिति पंद्रह साल में पहली बार हुई है। भले रायपुर शहर का तापमान अपने पुराने रिकार्ड को प्रभावित नहीं कर सका हो, मगर दस किमी दूर माना में जनवरी में छह से आठ दिनों तक शीतलहर का प्रकोप रहा है। सरगुजा के सीमावर्ती इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री तक पहुंचा और वहां सुबह बर्फ जमने के साथ घना कोहरा वाली स्थिति भी बनी।

## असरदार नहीं हो सका पश्चिमी विक्षोभ, ला-नीना ने बनाया मौसम बेहतर

### हवा बदलते ही गिरेगा तापमान

जनवरी के अंतिम दिनों में हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। रायपुर का न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका और अंबिकापुर का पारा भी 6 का आंकड़ा पार कर चुका है जो सामान्य 2 डिग्री अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में जब हवा की दिशा में बदलाव होगा, तो तापमान में गिरावट होने से ठंड महसूस होगी। अब रात की अवधि छोटी होने की वजह से ठंड का असर भी धीरे-धीरे कम होने लगेगा।



### औसत तापमान में संशोधन की जरूरत

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार किसी क्षेत्र का औसत तापमान तीस साल के आंकड़ों का अध्ययन कर किया जाता है। चूंकि समय के साथ राज्य की भौगोलिक स्थिति में काफी बदलाव हो चुका है, इसलिए औसत तापमान सहित अन्य आंकड़ों का अध्ययन कर बदलाव की जरूरत है। राज्य निर्माण के पहले मौसम विज्ञान केंद्र वाला लालपुर इलाका आउटर में आता था, जिससे तापमान काफी कम होता था। समय के साथ यहा बदलाव हुआ, क्षेत्र रिहायशी इलाके में तब्दील होने और आवाजाही से वहां का सामान्य टेंप्रेचर भी बढ़ गया।

### अभी मौसम की स्थित

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| रायपुर | 30.0 | 16.4 |
| माना | 29.1 | 14.8 |
| बिलासपुर | 29.8 | 13.8 |
| अंबिकापुर | 27.7 | 6.3 |
| पेंड्रा | 27.4 | 11.4 |
| जगदलपुर | 29.2 | 12.1 |
| दुर्ग | 30.8 | 13.0 |

## गणतंत्र दिवस कल, देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वालों की पूछपरख ही नहीं

# महापुरुषों की प्रतिमाओं पर चढ़ी धूल की परत न सफाई, न धुलाई , फूलमाला भी महीनों पुरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणतंत्र दिवस दिवस से पूर्व राजधानी के चौराहों पर स्थापति महापुरुषों की आदमकद प्रतिमाओं की सुध लेने कोई नहीं आया। कहीं पर धूल की मोटी परत जमी है, कहीं कूड़ा करकट का ढेर अरसे से नहीं हटाया गया। ऐसी भी महापुरुष की प्रतिमा देखने को मिली, जिसे फूलमाला तक नसीब नहीं है। ये बात अलग है कि इनके रखरखाव और सफाई व प्रतिमा की धुलाई और फूलमाला बदलने बाकायदा अलग से बजट रखा गया है। विडंबना ये है, जितने जतन से लोगों ने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करवाने उत्साह दिखाया, उतना उत्साह प्रतिमाओं की देखरेख में नहीं दिखा रहे। नगर निगम का संस्कृति विभाग इन महापुरुषों के जयंती और पुण्यतिथि पर आयोजन कर प्रतिमा की सफाई और धुलाई तथा फूलमाला का प्रबंध करता है, पर रखरखाव महज औपचारिकता बन गई है। हरिभूमि ने इन महापुरुषों की सुध लेते हुए प्रतिमा स्थल की स्थिति का जायजा लिया। पेश है एक रिपोर्ट : -

- नगर निगम का संस्कृति विभाग प्रतिमाओं के रखरखाव को लेकर बेपरवाह

### कालीबाड़ी चौक : धूल से सनी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा



राजधानी के कालीबाड़ी चौक के मध्य देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरागांधी की विशाल प्रतिमा की सफाई और धुलाई एक अरसे से नहीं हुई है। शहर के मध्य स्थापित इस प्रतिमा पर धूल और मिट्टी की परत जमी हुई है। जबकि कुछ ही कदम दूर नगरनिगम मुख्यालय स्थित है। विडंबना ये है कि न तो पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा की फूलमाला बदली गई, न ही प्रतिमा स्थल की सफाई कराई गई। प्रतिमा के रखरखाव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में यह प्रतिमा उपेक्षित हालत में है। रायपुर स्मार्टसिटी ने पूर्व में इस चौक का सौंदर्यीकरण कराया, पर इसके मेंटनेंस पर ध्यान नहीं देने से कालीबाड़ी चौक की रौनक फीकी पड़ गई है।

### बापू को छाया नसीब नहीं, खुले आसमान के नीचे प्रतिमा



गांधी मैदान और आजाद चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। पर बापू की प्रतिमा की समुचित देखरेख नहीं होने से सिर वाले हिस्से में क्रेक होने लगा है। न तो प्रतिमा की सफाई की गई है, न ही आसपास से गंदगी हटाई गई। फूलमाला भी इतनी पुरानी है कि वह सूखकर गले में लटकर रह गई। गांधी प्रतिमा पर मिट्टी और धूल की मोटी परत साफ नजर आ रही है। राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन को प्रतिमा स्थल की सुध नहीं आई। निगम प्रशासन भी इस ओर मुंह फेरे बैठा है।

### शास्त्री चौक पर पंडित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा, रौनक गायब



राजधानी के शास्त्री चौक पर स्थापित देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की आदमकदम प्रतिमा सम्मान के साथ स्थापित की गई है। पहले इस चौक की सुंदरता लोगों के आकर्षण का केन्द्र हुआ करती। रंगबिरंगी रोशनी के मध्य सुंदर फौवारा और हरियाली के बीच यह स्थल दूर से सुंदर नजर आता। सड़क चौड़ीकरण के बाद इस प्रतिमा को कोने में स्थापित करने से इस चौक की रौनक कम हो गई है। प्रतिमा पर महीनों पहिले चढ़ाई गई फूलमाला को अब तक उतारा नहीं गया। यही नहीं प्रतिमा स्थल के आसपास जमा कचरा को हटाया नहीं गया है। गणतंत्र दिवस से पहले प्रतिमा की सफाई और फूलमाला की व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया गया।

## बीटीआई ग्राउंड पर कैट का नेशनल ट्रेड एक्सपो 21 से 25 फरवरी तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के बैनर तले राजधानी के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 21 से 25 फरवरी तक नेशनल ट्रेड एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी सेक्टर की कंपनियां शामिल होंगी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि आयोजन की तैयारी के सिलसिले में शनिवार को पंडरी स्थिति कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट पदाधिकारियों की बैठक हुई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, ने कहा कि एक्सपों में प्रायः सभी सेक्टर की कंपनियां शिरकत कर रही है । जिसमें रियल एस्टेट, आटोमोबाईल, इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर, महिला स्वयं सहायता समूह, बैंक,फायनेंस, लाइफ स्टाईल, घरेलू सामान, फूड जोन, एसेशरिज, पेन्ट्स, कंस्ट्रशन, इंटीरियर डेकोरेशन शामिल हैं। ट्रेड एक्सपो में सुई से लेकर कार व घर तक के सारे सेगमेंट एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगें। अमर पारवानी ने बताया कि हर शाम नामचीन कलाकारो के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

- सुई से लेकर घर तक के सेगमेंट

बैठक में कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिनमें अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिन्दर सिंह, राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, भरत जैन, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, मोहन वर्ल्यानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, निलेश मुंदडा, रतनदीप सिंह, विजय पटेल, विक्रांत राठौर, रौनक पटेल, मितेश पटेल, निपेश प्रजापति, गोल्डी जैन प्रकाश माखीजा एवं हर्षवर्धन गुप्ता।

## पेज 11 के शेष ...

### गर्डर चढ़ाने मेरठ...

की सहायता से करीब 400 टन वजनी गर्डर को उठाकर ब्रिज के पिलर पर स्थापित किया गया। ब्रिज में कुल दो मुख्य गर्डर लगाए जाने हैं। पहला गर्डर लगने के बाद अब दूसरे गर्डर की बारी है, जो रेलवे पटरी की ओर लगाया जाएगा। इसके लिए रेलवे ब्लॉक की आवश्यकता होगी, जिससे ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने की संभावना है। माना जा रहा है कि फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में रेलवे इसके लिए आदेश जारी कर सकता है। गर्डर लगने के साथ ही ब्रिज का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद स्लैब डालने का कार्य शुरू होगा। मार्च तक यह ब्रिज आम जनता के लिए तैयार हो जाएगा। इस ब्रिज के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और उनके समय की बड़ी बचत होगी। ***एक सप्ताह में 5 लाख 37 हजार 227 वाहन गुजरते हैं:*** ओवरब्रिज को खम्हारडीह स्थित सीएस सीबी कार्यालय के थोड़ा आगे से रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास उतारा गया है। ओवरब्रिज टू लेन है। वर्तमान में यहां पर रेलवे की गणना के अनुसार एक सप्ताह में 5 लाख 37 हजार 227 वाहन गुजरते हैं। जाम के कारण दोनों तरफ आधा किलोमीटर तक लंबा जाम लगता है।

### इंदौर कांड के बाद 10 जोन...

***केस 4 : लभांडी में नाले के ऊपर पाइप लाइन, पीलिया का खतरा:*** नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित आदर्श संकल्प सोसायटी में पिछले 15 दिनों से पाइप लाइन लीकेज की शिकायत बनी हुई है। नाले के उपर से गई पाइप लाइन जर्जर है जिसे तत्काल बदलने की जरूरत है। वार्ड के रहवासियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा लगाए गए वाटर एटीएम में भी कीड़े आने लगे हैं। यदि पाइप लाइन को नहीं बदला गया तो क्षेत्र में डायरिया और पीलिया फैलते देर नहीं लगेगी। आदर्श संकल्प सोसायटी प्रधानमंत्री आवास योजना 232 समिति के अध्यक्ष सूरज यादव ने पाइप लाइन लीकेज की समस्या जोन 9 कमिश्नर और जल बोर्ड के सदस्य से भी की है। इसके बाद भी नाले के पास पाइप लाइन को बदला नहीं गया। इससे लोग अपने सेहत को लेकर चिंतित है। समिति के अध्यक्ष सूरज यादव ने निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस बार उनकी कालोनी में पीलिया की शिकायत बढ़ी तो संकल्प सोसायटी के रहवासी सड़क पर उतरने बाध्य होंगे, जिसका जिम्मेदार नगर निगम होगा।

### कलेक्टोरेट परिसर...

कार्यालय परिसर में बैठना पड़ता है। इन लोगों को मजबूरी में कलेक्टोरेट परिसर से बाहर जाकर टायलेट तलाशना पड़ता है। ***हर दिन हजारों की संख्या में पहुंचते हैं आम लोग :*** कलेक्टोरेट में रजिस्ट्री के अलावा लोक सेवा केंद्र, राजस्व, नजूल, भाड़ा नियंत्रण, खाद्य विभाग, आदिवासी विकास, अंत्यावसायी विभाग, आबकारी, कृषि, योजना एवं सांख्यिकी, निवार्चन, नकल शाखा, जिला पंचायत अंतर्गत विभागों के अलावा अन्य विभिन्न विभागों के कार्यालय भी हैं। इन सभी विभागों में हर दिन लोग अपने काम से पहुंचते हैं। इस तरह प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यहां अपने काम से आते हैं। इसके बाद भी कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों को टायलेट की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### 3400 अवैध...

हमेशा से परेशानी होती है। बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य सुविधाओं के लिए इनको तरसना पड़ता है। ***कुल आठ हजार से ज्यादा अस्थाई कनेक्शन :*** राजधानी रायपुर में इस समय आठ हजार से ज्यादा अस्थाई कनेक्शन हैं। इसमें से 3412 अवैध कालोनियों के अस्थाई कनेक्शन हैं और बाकी सामान्य कनेक्शन हैं। इन सामान्य कनेक्शनों में घर बनवाने से लेकर किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या फिर किसी अन्य कार्य के लिए लिए जाने वाले कनेक्शन शामिल हैं। जिन अस्थाई कनेक्शनों को घर बनवाने के लिए लिया जाता है, ऐसे कनेक्शन घर बनने पर साल या फिर दो साल में ये कनेक्शन आसानी से स्थाई कनेक्शन हो जाते हैं। लेकिन अवैध कालोनियों के अस्थाई कनेक्शन सारे नियम पूरे होने ही स्थाई हो पाते हैं। जहां नियम पूरे हो गए हैं वहां पर कनेक्शन स्थाई करने का काम भी चल रहा है।

### 43 करोड़ के भारतमाला...

के समय मूल खसरों को कृत्रिम उपखंडों में दर्शाकर वास्तविक देय राशि की तुलना में अत्यधिक मुआवजा भुगतान कराया गया। इसके कारण शासन को 7 करोड़ 16 लाख 26 हजार 925 रुपए की आर्थिक क्षति प्रथम दृष्ट्या परिलक्षित है। बसंती घृतलहरे - मूल खसरों को अवार्ड चरण में कृत्रिम उपखंडों में विभाजित दर्शाकर अधिक मुआवजा भुगतान की स्थिति बनाई। फलस्वरूप शासन को 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार 464 रुपए की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।

# पुलिस कमिश्नर की पहली मैराथन बैठक अफसर, टीआई के बाद क्राइम टीम की क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी की पुलिसिंग में परिवर्तन कर कमिश्नरेट करने के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र को अलग करने के बाद पुलिस अफसरों की बैठकों का दौर चल रहा है। नए पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला तथा रेंज आईजी ने शनिवार को अपने-अपने पुलिस अफसरों की अलग-अलग बैठकें ली। इसी तरह क्राइम डीसीपी राजनाला स्मृतिक ने क्राइम से जुड़े अफसर तथा क्राइम की टीम में शामिल पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की।

- रेंज आईजी ने ग्रामीण थाना क्षेत्र के पुलिस अफसरों के साथ की बैठक

बताया जा रहा है, पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन पुलिस कमिश्नर ने अफसरों के साथ पहचान कर अन्य पुलिसकर्मियों के साथ जान पहचान की। साथ ही पुलिस कमिश्नर ने राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश देने के साथ सभी थानों के टीआई से उनके क्षेत्र में होने वाले अपराध के बारे में जानकारी मांगी। पुलिस कमिश्नर ने सभी थानों के टीआई के साथ बैठक में शामिल अफसरों को अपने क्षेत्र में महिला संबंधी अपराध पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फरियादियों की शिकयतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतों का जितनी जल्दी हो सके, निराकरण करने निर्देश दिए हैं।



### गुंडा सूची, आदतन बदमाशों की नए सिरे से सूची देने निर्देश

पुलिस कमिश्नर ने सभी एसीपी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सहित संबंधित थानों के टीआई को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों की नई गुंडा सूची के साथ आदतन बदमाशों के साथ निगरानी बदमाशों की सूची तैयार करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पूर्व में जिन लोगों का नाम हिस्ट्रीशीट में था, लेकिन वे लंबे अरसे से अपराध से दूर हो गया है। उनकी प्रोफाइल तैयार करने पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं। साथ ही जो अपराध से दूर हो गए हैं वर्तमान में ऐसे लोग क्या कर रहे हैं, इस संबंध में पुलिस कमिश्नर ने पुलिस अफसरों को जानकारी देने निर्देश दिए हैं।

### आईजी ने चुनौतियों से निपटने दिए निर्देश

आईजी अमरेश मिश्रा ने एसपी ग्रामीण श्वेता सिन्हा सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ टीआई, चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नये जिले के पुनर्गठन के बाद उपलब्ध बल एवं भौतिक संसाधनों की समीक्षा कर आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजपत्रित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, कार्यक्षमता में वृध्दि कर गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण करने, प्रत्येक घटना की समीक्षा कर अधीनस्थ अधिकारी,कर्मचारियों को औचित्यपूर्ण निर्देश देने, थानों के कार्यों के मात्र पर्यवेक्षण तक सीमित न होकर कार्य में गुणवत्ता सुधार लाने के निर्देश दिए।

## बिजनेस साइट

### राडा ऑटो एक्सपो में 'यामाहा एक्सएसआर 155' का भव्य अनावरण



रायपुर। राडा ऑटो एक्सपो 2026 में यामाहा मोटर इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित नियो-रेट्रो मोटरसाइकिल यामाहा एक्सएसआर 155 को भव्य समारोह के बीच लॉन्च किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बाइक का औपचारिक अनावरण किया, जबकि परिवहन मंत्री केदार कश्यप भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यामाहा सेल्स इंचार्ज प्रशांत सिंह, स्वस्तिक यामाहा रायपुर के विवेक गर्ग, राडा अध्यक्ष रविंद्र भसीन सहित ऑटोमोबाइल जगत के अनेक डीलर्स और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। यामाहा एक्सएसआर 155 में 155सीसी लिक्विड-कूल्ड वीवीए इंजन दिया गया है, जो 18.4 पीएस की पावर देता है। इसमें अपसाइड-डाउन फ्रंट फोर्क्स, डुअल-चैनल एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल और आर15 आधारित चेसिस मौजूद है। एलईडी हेडलैम्प, एलसीडी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 10 लीटर फ्यूल टैंक इसे आकर्षक बनाते हैं।

### मैट्स विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की विशेष पूजा



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के अंतर्गत संचालित केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया एवं महानिदेशक प्रियेश पगारिया द्वारा किया गया। पूजा उपरांत विभिन्न विभागों के शिक्षकों द्वारा स्वरचित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना चंद्राकर ने बताया कि केंद्रीय पुस्तकालय में प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की परंपरा रही है, जिसका उद्देश्य ज्ञान, विद्या और संस्कृति के प्रति सम्मान भाव को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मुंडेजा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

### सिंधी सेवा महापंचायत की बैठक चंड्र जी रात कार्यक्रम 15 मार्च को



रायपुर। छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत देवेंद्र नगर कार्यालय में शनिवार को कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने बताया कि शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 15 मार्च को चंड्र जी रात कार्यक्रम में मुख्यतः मुंबई एवं राजस्थान के कलाकार रंग जमाएंगे। यह आयोजन संत युधिष्ठिर लाल, अम्मा मीरा देवी, संत लालदास, बाबा किशाराम दरबार के भाई अमरलाल के सानिध्य में सभी कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। बैठक को संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी एवं अध्यक्ष अमर गिद्वानी के संबोधन अनुसार प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने विस्तारपूर्वक बताया, हमारा मुख्य कार्यक्रम चंड्र जी रात रहेगा। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को ही सुबह महिला टीम द्वारा एक दौड़ भगवान साईं झूलेलाल के नाम का भव्य आयोजन रखा गया है, जो तेलीबांधा से नगर घड़ी जाकर तेलीबांधा मरीन ड्राइव पर संपन्न होगी, जिसमें रायपुर शहर से कम से कम 1500 महिलाओं के भाग लेने की संभावना है।

### आशीर्वाद भवन में रजत जयंती समारोह आज

रायपुर। शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर रजत जयंती समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेश के शुक्ल समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास परिषद के संरक्षक अमितेश शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में परिषद के पदाधिकारी कर रहे हैं। परिषद के महामंत्री रामअवतार देवांगन एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने बताया कि संघर्ष परिषद के रजत जयंती समारोह के मुख्य आतिथ्य विस नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री व संरक्षक अमितेश शुक्ल, पूर्व मंत्री विधान मिश्रा, पूर्व विधायक अनिता-योगेंद्र शर्मा होंगे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



सरगुजिया कर्मा और भिनसरिया नृत्य ...

## एजुकेशन अलर्ट

## रेलवे ग्रुप डी भर्ती के लिए बदली आवेदन तिथि, अब 2 मार्च तक मौका




**रायपुर।** रेलवे ग्रुप डी भर्ती 2026 की तैयारियों में लगे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। ग्रुप डी लेवल 1 के 22 हजार रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 जनवरी से स्टार्ट की जानी थी जिसे अब स्थगित कर दिया गया है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से जारी रिवाइज्ड नोटिफिकेशन के मुताबिक अब इस भर्ती के लिए एप्लीकेशन प्रॉसेस 31 जनवरी से स्टार्ट की जाएगी। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 2 मार्च 2026 तय की गई है।इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से केवल 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 33 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को रेलवे नियमों के अनुसार छूट मिलेगी। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी।

### आधार कार्ड कर लें अपडेट

आरआरबी की ओर से अभ्यर्थियों की सलाह दी गई है कि वे आवेदन स्टार्ट होने से पहले 10वीं कक्षा की मार्कशीट के अनुसार अपने आधार कार्ड को अपडेट करवा लें, ताकि फॉर्म भरने के समय किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस भर्ती के माध्यम से ग्रुप डी के 22 हजार रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। चयन के लिए आरआरबी की ओर से पहले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। इस परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार भर्ती के अगले चरण फिजिकल टेस्ट के लिए क्वालीफाई होंगे। पीईटी में सफल होने के लिए पुरुष अभ्यर्थियों को 35 किलोग्राम वजन लेकर 100 मीटर की दूरी 2 मिनट में पूरी करनी होगी। इसके अलावा 1000 मीटर की दूरी दौड़ के रूप में 4 मिनट 15 सेकेंड में पूरी करनी होगी।महिला अभ्यर्थियों को 20 किलोग्राम वजन लेकर 100 मीटर की दूरी 2 मिनट में पूरी करनी होगी। रनिंग में महिला उम्मीदवारों को 1000 मीटर की दूरी 5 मिनट 40 सेकेंड में पूरी करनी होगी। शारीरिक दक्षता के लिए अभ्यर्थियों को केवल एक चांस दिया जायेगा। अंत में उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट में भाग लेना होगा। सभी चरणों के बाद अभ्यर्थियों की फाइनल लिस्ट जारी होगी। जो उम्मीदवार इसमें जगह प्राप्त करेंगे उनको रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

● परेड रिहर्सल में 12 सदस्यीय पुलिस डॉग स्क्वॉड ने अनुशासन, फुर्ती से सभी का ध्यान किया आकर्षित

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी, जवानों ने फुल ड्रेस में किया फाइनल रिहर्सल, डॉग स्क्वाड ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। शनिवार को परेड का अंतिम रिहर्सल किया गया। मुख्य समारोह परेड में डॉग, घोड़ों की स्क्वायड की टीम आकर्षण का केंद्र रहेगी। 26 जनवरी को प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। भव्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। शनिवार को परेड का अंतिम रिहर्सल किया गया। परेड रिहर्सल के दौरान 12 सदस्यीय पुलिस डॉग स्क्वॉड ने अपने अनुशासन, फुर्ती और दक्षता से सभी का ध्यान आकर्षित किया।**

**रायपुर।** टीम के जांबाज स्वान हत्या, चोरी-डकैती एवं मादक पदार्थों से जुड़े गंभीर अपराधों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ पुलिस स्वान दल की उच्चस्तरीय प्रशिक्षण क्षमता, पेशेवर दक्षता और राष्ट्रीय उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। गणतंत्र दिवस परेड के रिहर्सल में पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम, रायपुर पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल के सुरक्षा अधिकारी डीएसपी गिरीश कोरी ने राज्यपाल की भूमिका निभाते हुए सुरक्षा एवं आयोजन व्यवस्था का जायजा लिया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में मार्च-पास्ट, पदक अलंकरण, गार्ड ऑफ ऑनर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप से परखा गया। रिहर्सल के दौरान सभी गतिविधियां निर्धारित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार संचालित की गई।











### रंगारंग कार्यक्रमों का होगा आयोजन

समारोह में स्कूली बच्चों की ओर से देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। प्रदेश के अलग-अलग विद्यालयों के छात्र-छात्राएं डांस और संगीत के माध्यम से संस्कृति, नारी शक्ति, युवा सामर्थ्य और विकसित भारत की तस्वीर पेश करेंगे। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सरगुजा द्वारा "विकसित भारत, बढ़ता भारत", शिवोम विद्यापीठ, दुर्ग के सांकरा के द्वारा "जयतु जयतु भारत" और पी.जी. उमाठे शासकीय कन्या अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, शांति नगर रायपुर के द्वारा "आरंभ है प्रचंड" विषय पर आकर्षक कार्यक्रम पेश करेंगी।



### अनुशासन और एकता का भव्य प्रदर्शन

गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के मौके पर आयोजित परेड में देश की सुरक्षा, अनुशासन और एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा।17 सुरक्षा बलों की टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी, जिसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल सहित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य सुरक्षा बलों की टुकड़ियां शामिल हैं। साथ ही उत्तरप्रदेश पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (पुरुष एवं महिला), छत्तीसगढ़ पुलिस (पुरुष), जेल पुलिस (पुरुष), नगर सेना (पुरुष एवं महिला) तथा एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स की टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। घुड़सवार दल, बैंड प्लाटून और डॉग स्क्वॉड की प्रस्तुति गणतंत्र दिवस समारोह को और भी आकर्षक बनाएगी।

## सिटी इवेंट

## शिवाजी की गाथा देख मुग्ध हुए लोग, फैंसी ड्रेस की धूम



**रायपुर।** शहर के महाराष्ट्र मंडल स्थित संत ज्ञानेश्वर सभागृह में 17 महिला केंद्रों के हल्दी-कुंकू में जन जागरूकता की झलक नजर आई। बूढ़ापारा केंद्र की सभासदों ने अपने नाट्य अभियान में जहां शहर की सड़कों पर दिखने वाले मवेशियों को लेकर चिंता जताई। वहीं वल्लभ नगर केंद्र की महिलाओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवन गाथा को मंचित किया। इसे देखकर जोश और उत्साह से दर्शक 'जय भवानी- जय शिवाजी' के जयकारे लगाने लगे। उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि मंडल की वरिष्ठ सभासद शिल्पी मटरेजा और विशेष अतिथि ज्योति कान्हे थी। बूढ़ापारा केंद्र द्वारा की गई सरस्वती वंदना और तात्यापारा केंद्र ने स्वागत गीत से कार्यक्रम शुरू हुआ। फैंसी ड्रेस और रंगोली स्पर्धाएं भी इस आयोजन में आकर्षण का केंद्र रहीं। फैंसी ड्रेस स्पर्धा में निर्णायक के रूप में आंध्र समाज की महिला पदाधिकारी बी. शैलजा और संध्या राज मौजूद थी।



### प्रतिभागियों के बीच रंगोली और फैंसी ड्रेस

रंगोली स्पर्धा में शेखर क्षीरसागर और प्रभा बिन्नानी निर्णायक रहे। इस अवसर पर महोत्सव को सफल बनाने के लिए अवंती विहार, शंकर नगर, सड्डू-मोवा और देवेंद्र नगर महिला केंद्र का सम्मान किया गया। साथ ही पार्थ शेष का भी अभिनंदन किया गया। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में वैशाली निमजे विजेता, अक्षता पंडित उप विजेता रहीं। मंजूषा चिलमवार को तीसरे स्थान पर संतोष करना पडा। इस तरह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जीजा बाई बनीं सुदेशना ने प्रथम, शेफाली फडणवीस द्वितीय और अनुपमा बोधनकर तृतीय रहीं। आगे बताया कि वल्लभ नगर केंद्र की महिलाओं ने 'झुलवा पालणा पालणा, बाल शिवाजी चा....गाली तिल लावून बाला काजल घाला डोला' मराठी गीत प्रस्तुत किया।

## वैराग्य की राह पर बढ़ते कदम, आठ दीक्षार्थियों का बाजे-गाजे के साथ निकला वरघोड़ा

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित भैरव सोसायटी शनिवार को भक्ति और वैराग्य के रंग में सराबोर नजर आई। यहां के विमलनाथ मंदिर और सीमांधर स्वामी मंदिर में राजधानी के आठों दीक्षार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। सभी मुमुक्षु बाजे-गाजे के साथ वरघोड़े के रूप में अष्टप्रकारी पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे, जहाँ का माहौल पूरी तरह धर्ममय हो गया। वरघोड़ा सबसे पहले पदमचंद गोलछा के निवास स्थान से शुरू होकर विमलनाथ मंदिर पहुंचा और उसके पश्चात सीमांधर स्वामी मंदिर में दीक्षार्थियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सभी दीक्षार्थियों ने अपने उत्कृष्ट वैराग्य भाव के लिए प्रार्थना की और संयम के मार्ग पर अडिग रहने का संकल्प दोहराया। इस मांगलिक अवसर पर समाज के विभिन्न ट्रस्टों के



पदाधिकारियों ने दीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट से विजय कांकरिया, सीमांधर स्वामी ट्रस्ट से संतोष बैद, विमलनाथ मंदिर ट्रस्ट से कमल लोढ़ा और नाकोड़ा गृह निर्माण सोसायटी से जयप्रकाश दुग्गड़ ने दीक्षार्थियों का स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया। समाज के वरिष्ठ जनों ने मुमुक्षुओं के त्याग की सराहना करते हुए उनके मंगलमय संयम जीवन की कामना की।

## छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में 27 जनवरी से प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन पर कार्यशाला

**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर में छात्र-छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन समिति द्वारा आयोजित यह कार्यशाला 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच आयोजित होगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को निशुल्क मार्गदर्शन और विभिन्न विषयों की बारीकियों को समझने का अवसर प्रदान करना है।समिति की संयोजक डॉ. मोना जैन ने कार्यशाला की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले इस सत्र में अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे। इसमें डॉ. भूपेन्द्र करवन्दे भारतीय राज व्यवस्था (विधि), डॉ. व्ही. डी. साहसी इतिहास की उपयोगिता, डॉ. शिल्पी बोस लोक प्रशासन में नवीन प्रवृत्तियां, डॉ. सुभद्रा राठौर हिंदी भाषा बोध और श्री रेणू कुमार यादव वाणिज्य व समसामयिकी विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। ये विशेषज्ञ न केवल विषय की जानकारी देंगे, बल्कि प्रभावी परीक्षा रणनीति और अभ्यास के महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का निरंतर प्रयास रहता है कि ऐसी शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक और व्यावहारिक क्षमताओं को विकसित किया जाए। यह निःशुल्क कार्यशाला उनकी तैयारी को व्यवस्थित और मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

शनिवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम पहुंचे राडा एक्सपो, तीन वाहनों की हुई लॉन्चिंग

# खरीदी के साथ ऑटो एक्सपो में आज और कल होगा एंटरटेनमेंट धमाल, स्टंट शो में पेशेवर दिखाएंगे करतब

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्रीराम बिजनेस पार्क में जारी राडा ऑटो एक्सपो में संडे और मंडे को खरीदारी के साथ में ग्राहक खास इवेंट का लुत्फ उठा सकेंगे। संडे को शॉपिंग, एंटरटेनमेंट और फूड एंजॉय करने लोग पहुंचेंगे। वहीं मंडे रिपब्लिक डे की शाम देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहेगी, स्टंट शो भी होगा। दोनों दिन वाहनों की बिक्री के साथ ही कस्टमर के एंटरटेनमेंट के लिए राडा ने खास इंतजाम किया है। इन दो दिनों में वाहनों की बुकिंग और बिक्री का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है। शनिवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम राडा एक्सपो स्थल पहुंचे। उन्होंने तीन वाहनों की लॉन्चिंग की। वहीं शनिवार को वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 85 सौ पहुंच गया। एक्सपो में शनिवार शाम डांस और फैशन शो का जलवा बिखरा। रैम्प पर मॉडल खास अंदाज में नजर आए। वहीं डांस ट्रूप ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।



### आज और कल फैशन शो और डांस प्रोग्राम

राडा ऑटो एक्सपो स्थल पर संडे और मंडे दोनों दिन फैशन शो का आयोजन किया गया है। संडे को डांस ट्रूप अपने परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीतेंगे। वहीं 26 जनवरी की शाम फैशन शो देशभक्ति का रंग लिए रहेगा। एक्सपो स्थल पर 26 जनवरी की शाम को टीवीएस स्टंट शो का भी आयोजन किया जाएगा। स्टंट शो में पेशेवर स्टंटबाज प्रस्तुति देंगे। इसका आनंद शाम को 5 बजे से लिया जा सकेगा।

### शनिवार को उमड़ी भारी भीड़

शनिवार को सुबह से ही एक्सपो स्थल पर ग्राहकों भी भीड़ उमड़ी रही। लोग परिवार के साथ में खरीदी करने के लिए पहुंचे। बाइक की जानकारी लेने के बाद टेस्ट ड्राइव करते हुए भी नजर आए। शनिवार को उमड़ी भीड़ ने रविवार और सोमवार को भी भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद जगाई है। राडा ऑटो एक्सपो में शनिवार को मुख्यअतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम थे। उन्होंने तीन वाहनों की लॉन्चिंग की। मारुति सुजुकी की कार ग्रैंड विटारा फैंटम, बजाज चेतक स्कूटर और महिन्द्रा कंपनी के कार की लॉन्चिंग की। श्री नेताम ने स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने राडा एक्सपो की सराहना की।



### लगातार बढ़ रहा है वाहनों की बिक्री का आंकड़ा

राडा ऑटो एक्सपो-2026 में वाहनों की खरीदी को लेकर ग्राहकों में जबर्दस्त उत्साह दिख रहा है। रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट मिलने पर लोग अपने मनपसंद वाहन खरीद रहे हैं। रोड टैक्स में छूट के साथ ही डीलर्स और कंपनियों ने भी आकर्षक ऑफर पेश किए हैं। पांच दिनों में वाहनों की बिक्री 85 सौ पहुंच गई है। राडा के पदाधिकारियों का कहना है कि वैसे तो हर दिन के लिए खास इवेंट रखे गए हैं लेकिन संडे और उसके बाद मंडे को रिपब्लिक डे होने से खास तैयारी की गई है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी अमर पारवानी, फाडा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन मनीष राज सिंघानिया, फाडा के पूर्व स्टेट चेयरमैन अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह, फाडा के स्टेट चेयरमैन विवेक गर्ग का कहना है कि संडे और उसके दूसरे दिन मंडे को रिपब्लिक डे पर कस्टमर एक्सपो स्थल पहुंचकर खरीदी का लाभ उठाएं।

**समाज लाइव**

## सियान गुड़ी में 'राम रसायन' पर वैचारिक अनुष्ठान आज

**रायपुर।** देश और धर्म के प्रति प्रेम व आस्था पर केन्द्रीत आयोजन आज होने वाला है। इस वैचारिक अनुष्ठान 'राम रसायन' का रविवार को मंडल द्वारा संचालित सियान गुड़ी, दिव्यांग बालिका विकास गृह समता कालोनी में शाम 6 बजे से किया जाएगा। आचार्य चेतन दंडवते ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना की वर्षगांठ पर यह आयोजन किया जा रहा है। वहीं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कला एवं संस्कृति समिति की ओर से देशभक्ति गीतों की संगीत संध्या की श्रृंखला भी सजाई जाएगी। इसमें देश के प्रसिद्ध पत्रकार, आध्यात्मिक चिंतक, प्रखर वक्ता संदीप अखिल के साथ समाज में समरसता लाने का वैचारिक अनुष्ठान 'राम रसायन' का आयोजन शाम सात बजे तक किया जाएगा।

### गुणों और मर्यादा को जीवन में अपनाने की प्रेरणा

श्री दंडवते ने बताया कि संदीप अखिल की कथा का श्रवण करके जीवन में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार होता है। आचार्य चेतन ने बताया कि 'राम रसायन कथा' का हमारे जीवन में आध्यात्मिक और नैतिक महत्व है। यह कथा केवल भगवान श्रीराम के जीवन की घटनाओं का वर्णन नहीं करती, बल्कि उनके आदर्शों, गुणों, और मर्यादा को जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी देती है। कुछ इसी तरह के ताने-बाने से समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसमें महाराष्ट्र मंडल के सदस्य ही नहीं बल्कि छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। इस आयोजन को वर्तमान दौर में बढ़ते पीढ़ियों के अंतर को कम करने के लिहाज से किया जा रहा है।

● पुरखौती मुक्तांगन में रायपुर साहित्य उत्सव के साथ अलग-अलग मंच और ओपन माइक स्टेज सजा रहे कलाकार

# सरगुजिया कर्मा और भिनसरिया नृत्य की मची धूम कलाप्रेमियों के बीच लोकगीतों की सांस्कृतिक छटा

'शहर के आसपास लोगों को घुमने-फिरने और मनोरंजन के लिए माहौल देने के लिए नवा रायपुर में निर्मित पुरखौती मुक्तांगन में पहुंचने वाले लोगों को साहित्य उत्सव के चलते अच्छा माहौल मिल रहा है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि एक तरफ जहां साहित्य उत्सव का क्रम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ लोगों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जोड़ने के लिए अलग-अलग स्टेज सजाए गए हैं। जहां पारंपरिक लोक गीतों से सजे सरगुजिया कर्मा और भिनसरिया नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति घुमने के लिए पहुंचने वाले कला प्रेमियों को ही नहीं बल्कि साहित्यकारों के बीच भी सांस्कृतिक छटा बिखेर रही है।'

**रायपुर।** सरकार की पहल पर आयोजित इस उत्सव का साक्षी बनने के लिए पहुंचने वाले कला और साहित्य प्रेमियों को इन दिनों अच्छा माहौल मिल रहा है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्र से अलग-अलग दिन आने वाले कलाकारों के ग्रुप ने मुक्तांगन प्रांगण में नृत्य पाइंट बनाया है। जहां हर दिन किसी न किसी वनांचल क्षेत्र के नृत्य समुह को अवसर मिल रहा है। शनिवार को इस क्रम में सरगुजा से आए पंडित रूप रजवार से जुड़े 20 कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीतों का गायन करते हुए मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए लोगों का ध्यान भी आकर्षित किया। दोपहर से लेकर शाम तक इनकी टोली ने अलग-अलग समय में लोगों को गीत-संगीत और परंपराओं का एहसास भी करवाते नजर आए।





### विद्यार्थी भी बन रहे सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा

सांस्कृतिक उत्सव के लिए सजाए गए मंच पर विद्यार्थी वर्ग भी सहभागिता निभा रहा है। इस कड़ी में श्रुति और रुचि की जोड़ी ने शिव आराधना से सजे गीतों पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद शाम को गायत्री परिवार द्वारा श्रीराम शर्मा द्वारा लिखे गए 3200 साहित्य का स्टाल लगाया गया है। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस द्वारा कई साहित्य निशुल्क बंटवाया जा रहा है। वहीं साहित्य सम्मेलन में गायत्री परिवार द्वारा दीप महायज्ञ किया गया। सभी के सुखी जीवन की कामना की गई। ओम और स्वास्तिक का प्रतीक चिन्ह दीपक के माध्यम से प्रज्ज्वलित किया।





### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टाल्स की सजी श्रृंखला

उत्सव का हिस्सा बनने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर भी मिल रहा है। इसके लिए स्टाल्स की श्रृंखला सजाई गई है। इसमें खुरमी, पपची, बालूशाही, चीला, गुलगुला भजिया जैसे कई व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर एक ही जगह मिल रहा है। लोगों को किसी तरह की परेशानी न होने पाए, इसके लिए सभी ओपन स्टेज के आसपास पीने के लिए पानी का स्टैंड लगाया गया है। साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह डस्टबिन रखे गए हैं। इसे देखते हुए लोग भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं।

### कैनवास से जीवंत की आदिवासी कला-संस्कृति

चित्रकला के मजे हुए प्रतिभागियों ने कैनवास पर आदिवासी कला और संस्कृति को अलग-अलग विषय को केन्द्र में रखते हुए सुन्दर स्वरूप दिया है। इसे देखने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंच रहे हैं। जहां पहाड़ों की कंदराओं, वन भैंसे के सिंग पर बैठी गौरेय्या, साहित्य कार की आंखों के सामने युद्ध के दृष्य आकर्षण का केन्द्र हैं। आदिवासी महिला का विद्रोह, नृत्य के साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी को कैनवास पर उकेरने में प्रतिभागी की रुचि ने कृति को आकर्षण का केन्द्र बनाया है। इस श्रृंखला से हर वर्ग के कला प्रेमी जुड़ रहे हैं।

**धर्म लाइव**

## तीर्थंकर की स्थापना पर हुआ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का जाप



**रायपुर।** दिगंबर जैन पंचायत बड़ा मंदिर में जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवान की 24 बेदी की आराधना की गई। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ से लेकर अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी इस बेदी में विराजमान थे। इसकी प्रतिष्ठा 35 वर्ष पूर्व विधि विधान मंत्र, सूर्य मंत्र से आचार्य देव नंदी महाराज ने की थी। सकल जैन समाज के सानिध्य में यह कार्यक्रम हुआ।

### 24 जैन परिवार ने जिनेंद्र भगवान का किया अभिषेक

सुबह से बड़ी मंदिर में समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं, मूर्ति प्रदाता भाग्यशाली की उपस्थिति में अलग-अलग कार्यक्रम हुए। समाज के संजय बोहरा ने बताया कि इस शुभ दिवस अवसर पर 24 जैन परिवार ने जिनेंद्र भगवान का अभिषेक किया। शांति धारा मंत्र के साथ अभिषेक पूर्ण हुआ। इस अवसर पर ज्ञानचंद पाटनी, महावीर गंगवाल, महेंद्र पाटनी, मनोज बागलीवाल, संजय बोहरा, टीकम बाकलीवाल, संगीत बाकलीवाल, मीना, सुनीता बोहरा, अनीता बाकलीवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## जादू-टोने की मान्यता अंधविश्वास के अतिरिक्त और कुछ नहीं

### अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने किया जागरूक

**रायपुर।** अंधविश्वास व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने बलौदा बाजार के पलारी और महासमुंद जिले के ग्रामीण अंचल का दौरा किया किया गया। इस दौरान महिलाओं और उनके परिजनों से मुलाकात व चर्चा की। अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष ने बताया बलौदा बाजार के पलारी, जुनवानी, गिधौरी तथा महासमुंद के शेरगांव, लचकेरा, फिंगेश्वर का दौरा किया, टोनही के संदेह में प्रताड़ित महिलाओं और उनके परिजनों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं पर चर्चा की। महिलाओं और उनके परिजनों ने बताया कि उनके मामले अब तक कोर्ट में चल रहे हैं। डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कुछ मामले तो 20 वर्षों से भी लंबित हैं। कुछ महिलाओं की न्याय की बाट जोहते हुए मृत्यु तक हो चुकी है। जबकि मानवता के नाते उन्हें त्वरित न्याय और मुआवजा मिलना चाहिए। जादू टोने के संदेह में महिला प्रताड़ना सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। प्रताड़ना की शिकार महिलाओं और उनके परिजनों का जीवन कठिन और अपमानजनक हो जाता है।



### कोई नारी टोनही नहीं होती

कोई नारी टोनही नहीं अभियान में पलारी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ निराला, अनंत पांडे, उप सरपंच फागू राम सेन शामिल हुए। महिलाओं व उनके परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। डॉ दिनेश मिश्र ने ग्रामीणों से चर्चा में कहा जादू टोना की मान्यता अंधविश्वास के अलावा कुछ नहीं है। कोई नारी टोनही नहीं होती, टोनही के संदेह में महिलाओं को मारना पीटना, हत्या करना अनुचित और गैरकानूनी है। ग्रामीणों को बैगा, कथित तांत्रिक, ठगों से बचने की जरूरत है। तथाकथित तंत्र मंत्र व उसके चमत्कारों की बातें काल्पनिक है। ग्रामीणों को ऐसे अंधविश्वासों में न ही फंसना चाहिए।



## जिन सामाजिक बंधुओं के पास घर नहीं अग्रवाल समाज करेगा आर्थिक मदद



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की तृतीय कार्यकारिणी बैठक अंबिकापुर में हुई। बैठक में शहर के भी सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से सम्मानीय अग्रवाल बंधुओ की भरपूर उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल थे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज में जिनके पास घर मकान नहीं है, किराए में रह रहे हैं। उन्हें आर्थिक सहयोग देवें ताकि उन्हें घर मकान मिले। विशिष्ट अतिथि अजय अग्रवाल ने कहा कि संगठन में एक साथ रहो। साथ ही अन्य समाज के साथ समय आने पर एक दूसरे का साथ दो। हम संगठन में रहेंगे तो बाहरी ताकतें हम पर भारी नहीं पड़ेगी। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने समाज में हो रहे आडंबर दिखावा एवं फिजूल खर्ची, प्री वेडिंग को ना करने की सलाह देते हुए सभी को बधाई दी। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा। हम बदलेंगे युग बदलेगा। परिवार में बच्चियों को खूब पढ़ाओ लिखाओ। प्रदेश संरक्षक सुधीर उषा अग्रवाल ने दो जरूरत मंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, किशन कुमार अग्रवाल, कमल रूंगटा, सुधीर अग्रवाल, उषा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने किया वन भ्रमण, लिया यातायात सुरक्षा का संकल्प

**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा वन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सदस्यों ने विविध मनोरंजक गेम खेलकर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। वन भ्रमण के दौरान समाज के सभी सदस्यों द्वारा सड़क दुर्घटना की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। भ्रमण के दौरान सदस्यो ने झलमला गंगा मैया मंदिर, दंतेश्वरी मैया, शक्कर कारखाना का भ्रमण कर समाज की महिलाओं को शक्कर बनने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सियादेही मंदिर प्रांगण में लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता का संदेश देते हुये उपस्थित लोगों को दोपहिया वाहन चलाने पर हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाने पर सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से उपयोग करने का अनुरोध किया। साथ ही यातायात में दुर्घटना होने पर बैंकों और शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता, इलाज पर मिलने वाली लाखों रुपए की सुविधा के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस सामाजिक भ्रमण में मुख्य रूप से रामविशाल शर्मा, सुमन पाण्डेय, कमल नारायण शर्मा, अपर्णा चौबे, शैल शुक्ला, कमलेश तिवारी, राजेंद्र दुबे, आशा शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगो को यातायात नियमों का पालन करने अनुरोध किया।















## हेल्थ टिप्स

### अंडर-19 क्रिकेट का रोमांच जारी, बिलासपुर फाइनल में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में रोमांचक मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बिलासपुर ने रायपुर के विरुद्ध 8 रन से मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया। बल्लेबाजी में बिलासपुर की टीम पहली पारी में 157 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम पहली पारी में 240 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम दूसरी पारी में 216 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम दूसरी पारी 125 रन पर आउट हो गई। धमतरी में हुए मैच में टीम रायपुर ब्लू की टीम दुर्ग के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 388 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में 240 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू दूसरी पारी में 177 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दूसरी पारी में 6 विकेट पर 72 रन बनाए।

### स्टील सिटी की क्रिकेट में जीत प्लेयर ऑफ़ द मैच रहे हमजा




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर-13 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को शानदार मुकाबले हुए। टीम स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी खुर्सीपार भिलाई ने गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी सेक्टर-7 के विरुद्ध मैच 39 रन से जीत लिया। बल्लेबाजी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी 147 रन पर आउट हो गई। टीम के कप्तान कार्तिक ने 60 रन बनाए। वीर सारांश ने 38 रन बनाए। गेंदबाजी में गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी के रूद्र ने तीन और सारांश पांडे ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी 108 रन पर आउट हो गई। रूद्र ने 23 रन एवं सारांश पांडे ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी के हमजा हुसैन, मनाविक रंजन, रुद्र प्रताप तथा शौर्य ने दो -दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ़ द मैच हमजा हुसैन को अंतरराष्ट्रीय अंपायर टेबल टेनिस एवं भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर मोहम्मद अलीम एवं नुगेश्वर डहरिया स्कोरर पल्लवी थे।

### सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय बना विजेता



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान मे शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर मे अंतर महाविद्यालयीन सॉफ्टबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिमसे रविशंकर विश्वविद्यालय से संबद्ध 10 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करते हुये शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने संघर्षपूर्ण फाइनल में यू टी डी रायपुर कों 4-3 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। समारोह मे मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार शुक्ला थे। अध्यक्षता डॉ रामानंद यदु सेवानिवृत क्रीड़ा अधिकारी ने की। वहीं विशेष अतिथि डॉ रूपेंद्र सिंह चौहान खेल समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग, टी एन रेड्डी सीनियर कोच खेल एवं युवा कल्याण विभाग थे। आयोजन को सफल बनने मे आयोजन सचिव वीरेंद्र जांगड़े क्रीड़ा अधिकारी शास महा अभनपुर के साथ साथ क्रीड़ा अधिकारी प्यारेलाल लाल साहू, राजेश तिवारी, तुलाराम मांडले, ललित कुमार एवं मनोज प्रधान का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहा. प्राध्यापक डॉ मंजू ताम्रकार ने किया।

### राष्ट्रीय जूनियर जूडो के लिए छत्तीसगढ़ टीम कोलकाता रवाना



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ ने राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता कोलकाता वेस्ट बेंगाल हेतु टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में पश्चिम बंगाल संघ द्वारा राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 26 जनवरी तक हावड़ा इंडौर स्टेडियम में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुरुष वर्ग जूडो टीम में -55 कि.ग्राम अनुज प्रसाद यादव,-60 कि.ग्राम अभय यादव,-66 कि.ग्राम पंकज जयसवाल ,-73 कि.ग्राम अभिषेक नियोगी,-81 कि.ग्रामअभिषेक अवस्थी,-90 कि.ग्राम भारत तिवारी,-100 कि.ग्राम दिवाकर कुमार साहू,+100 कि.ग्राम मैनक दत्ता,-60 कि.ग्राम रचित दहत,-81 कि.ग्राम पी .अभिषेक का चयन किया गया है।

## दुनिया भर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी चुनौती बन कर सामने आया है मोटापा

# मोटापा सिर्फ एक समस्या नहीं बल्कि इसके साथ डायबिटीज हृदय रोग और ब्रेन का भी है खतरा, हो जाइए सावधान

दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स ने कहा है कि ज्यादा वजन होने से डिमेंशिया का खतरा काफी बढ़ जाता है। मोटापा की स्थिति आपके दिमागी क्षमता को कम करने वाली हो सकती है जिसको लेकर सभी लोगों को पहले से ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है। दुनियाभर में तेजी से बढ़ती क्रॉनिक बीमारियों जैसे हृदय रोग-डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म की समस्या के लिए लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी को प्रमुख कारण माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इसके अलावा सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल में रखना भी बहुत जरूरी है। बढ़ते वजन या हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की स्थिति को कई जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण पाया गया है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनमें टाइप-2 डायबिटीज, हृदय से संबंधित बीमारियां, आर्थराइटिस का खतरा तो रहता ही है, साथ ही मोटापे को दिमागी सेहत के लिए भी खतरनाक पाया गया है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मोटापा आज एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। पहले जहां इसे केवल वयस्कों की समस्या माना जाता था, वहीं अब बच्चे और किशोर भी तेजी से मोटापे का शिकार होते जा रहे हैं। अधिक वजन की स्थिति शरीर के कई अंगों और प्रणालियों को प्रभावित करता है। अगर वजन को समय रहते कंट्रोल न किया जाए तो इससे आपके सोचने-समझने, निर्णय लेने और याददाश्त से संबंधित दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं। एक हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया है कि जिन लोगों का वजन अधिक होता है उनमें भविष्य में अल्जाइमर रोग-डिमेंशिया का खतरा भी ज्यादा देखा गया है।



### मोटापा के शिकार लोगों में डिमेंशिया का खतरा

इंग्लैंड की ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में हुए एक अध्ययन के आधार पर दुनिया के जाने-माने स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है कि वजन अधिक होने या मोटापे के कारण व्यक्ति में डिमेंशिया का खतरा काफी बढ़ सकता है। अगर समय रहते वजन कम कर लिया जाए और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर लेते हैं तो दुनियाभर में डिमेंशिया के लाखों मामलों को रोका जा सकता है। द जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बीएमआई और वैस्कुलर डिमेंशिया के बीच सीधा संबंध पाया है। वैस्कुलर डिमेंशिया दिमाग में खून के प्रवाह में कमी के कारण होती है, जिससे दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और कोशिकाएं डेड होने लग जाती हैं। ऐसा दिमाग में छोटी खून की नसों के सिकुड़ने या उनके ब्लॉक होने की वजह से होता है, जिसे अक्सर लाइफस्टाइल कारकों या स्ट्रोक से जोड़कर माना जाता है। मोटापा के शिकार लोगों में स्ट्रोक का खतरा भी अधिक देखा गया है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को कम उम्र से ही अपने वजन को कंट्रोल रखने पर ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं।

### हाई बीएमआई और डिमेंशिया का क्या लिंक है?

उम्र से जुड़ी बीमारियों की चीफ फिजिशियन और एक्सपर्ट डॉ. रूथ फ्रिके-श्मिट कहती हैं, इस अध्ययन में हमने पाया कि हाई बीएमआई और हाई ब्लड प्रेशर डिमेंशिया के सीधे कारण हैं। बढ़े हुए वजन और ब्लड प्रेशर का इलाज और रोकथाम डिमेंशिया के रोकथाम में काफी मददगार हो सकता है।

इस अध्ययन के लिए 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों के वजन और उसके कारणों की जांच की गई। जिन लोगों का बीएमआई जेनेटिकली ज्यादा था उनमें वैस्कुलर डिमेंशिया होने की आशंका अधिक पाई गई। डिमेंशिया के बढ़े हुए खतरे का लगभग एक चौथाई हिस्सा हाई ब्लड प्रेशर की वजह से था। विशेषज्ञों ने कहा, ये अध्ययन दिखाता है कि वजन और ब्लड प्रेशर की रोकथाम के लिए किए गए उपाय आपमें दिमाग की इस खतरनाक बीमारी के खतरे को कम करने वाले हो सकते हैं।





## विटामिन-यू में छिपा है आपकी हेल्दी गट का राज, जरूर जानिए

आपने विटामिन-ए, विटामिन-बी या विटामिन-सी के बारे में तो जरूर सुना होगा और ये शरीर के लिए क्यों जरूरी हैं, ये भी हमें पता है, लेकिन क्या आपको विटामिन-यू के बारे में पता है? यह गट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होता है। आज के वक्त में हेल्दी लाइफ जीना काफी मुश्किल हो गया है। खाने-पीने से लेकर वातावरण तक, कुछ भी शुद्ध नहीं मिल पाता है और यही वजह है कि लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होने लगी है और कम उम्र में ही बीमारियां लोगों को घेरने लगी हैं।

ऐसे में खुद को सेहतमंद रखने के लिए विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेना बहुत जरूरी है। जब हम बात विटामिन्स की कर रहे हैं, तो क्या आप विटामिन-यू के बारे में जानती हैं? ज्यादातर लोगों को इसके बारे में नहीं पता है, लेकिन ये कोई पिल या ट्रेंड नहीं, बल्कि एक ऐसा विटामिन है जो गट को हेल्दी रखने में मदद करता है। विटामिन-यू क्या है, ये किन चीजों में पाया जाता है और किस तरह ये गट को हेल्दी रखने में मदद करता है, यहएक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन मनप्रीत कालरा दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं और रीबूट गट हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली की फाउंडर और डायरेक्टर हैं।



विटामिन-यू गट के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये एक नेचुलर कंपाउंड है, जो पत्तागोभी, ब्रोकली और अन्य क्रूसिफेरस सब्जियों में पाया जाता है। ये एसिडिटी को कम करता है और डाइजेशन को सुधारता है। गट को हेल्दी रखने के लिए हमें किसी सप्लीमेंट की जरूरत नहीं है। ब्लोटिंग कम करने के लेकर, एसिड रिफ्लक्स को दूर करने तक और एनर्जी को बूस्ट करने में विटामिन-यू बहुत फायदेमंद है। डाइट में कच्ची पत्तागोभी और ब्रॉकली को शामिल करें। आपको गट हेल्थ में अंतर महसूस होगा। विटामिन-यू पेट की जलन और एसिडिटी को कम करता है, ये स्ट्रेस और जंक फूड से होने वाले माइक्रो-अल्सर्स को कम करता है और गट की दीवार को रिपेयर करता है। इससे इंफ्लेमेशन कम होता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। ऐसे में विटामिन-यू को डाइट में जरूर शामिल करें। ये शरीर में न्यूट्रिएंट्स के अब्जॉर्बशन को भी बढ़ाता है। इससे स्किन हेल्थ और मूड बेहतर होता है और शरीर को ताकत भी मिलती है।

आप लंच में ब्रॉकली या पत्तागोभी को स्टीम करके भी खा सकती हैं। इसके अलावा पत्तागोभी को नींबू का रस डालकर खाना भी फायदेमंद रहेगा। कुकिंग के बाद फूड्स में विटामिन-यू कम हो जाता है, लेकिन कच्ची और स्टीम चीजों में ये अधिक मात्रा में मिलता है। स्ट्रेस, मसालेदार खाना, देर रात कॉफी पीना और अधिक पेनकिलर्स लेना भी गट हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है इसलिए एंटासिड लेने के बजाय आप हेल्दी खान-पान के जरिए, गट को हेल्दी बनाने पर जोर दें। गट को हेल्दी रखने के लिए, एक्सपर्ट की सलाह पर ध्यान दें। वैसे यह ध्यान देने वाली बात है कि विटामिन यू वास्तव में कोई पारंपरिक विटामिन नहीं, बल्कि एस-मिथाइलमेथियोनीन सल्फोनियम क्लोराइड- एमएमएस नामक एक रासायनिक यौगिक है। इसे शुरू में पत्तागोभी के रस में पाया गया था और पेट के अल्सर (पेप्टिक अल्सर) के उपचार में इसकी प्रभावशीलता के कारण इसे 'विटामिन यू' नाम दिया गया था, जो पेट की अंदरूनी परत को ठीक करने और पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। 1950 के दशक में पत्तागोभी के रस में खोजा गया, जो अल्सर के इलाज में मददगार था। यह अमीनो एसिड मेथियोनीन से बनता है।



## सोते समय बिस्तर के नीचे रखें पानी से भरा बर्तन, मिलेंगे कई ज्योतिष लाभ



अगर आपके घर में वास्तु दोष हैं और आपको इसकी वजह से कई समस्याएं होती हैं तो आपको कुछ विशेष उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। इनमें से एक है बिस्तर के पास पानी से भरा बर्तन रखना।

नकारात्मक ऊर्जा हमारे जीवन को कई तरह से प्रभावित करती है और ऐसा माना जाता है कि नकारात्मक ऊर्जाओं का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। अगर हम बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन रखते हैं तो पानी में सभी नकारात्मक ऊर्जाएं अवशोषित होती हैं। नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा पाने के लिए सबसे आसान तरीकों में से एक है बिस्तर के नीचे तांबे के बर्तन में पानी रखना। इससे आपको कई बुरी शक्तियों से मुक्ति मिल सकती है। इंसान के जीवन में नींद और सोना न उसे सिर्फ शारीरिक तौर पर आराम देता हैं बल्कि ये ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता हैं। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति का अवचेतन मस्तिष्क नींद के समय सबसे ज्यादा सक्रिय रहता हैं और अपने आस पास के वातावरण से ऊर्जा का एक्सचेंज करता हैं।

शरीर की इसी प्रक्रिया को ज्योतिष में उपाय के तौर पर प्रयोग किया जाता हैं। यदि आप बिस्तर के नीचे एक कटोरे में पानी रखते हैं तो यह अच्छी नींद को बढ़ावा देता है जिससे शारीरिक ऊर्जा भी बनी रहती है। सोते समय बिस्तर के नीचे पानी से भरा बर्तन व्यक्ति को चंद्र देव के शुभ प्रभाव प्राप्त करने में मदद करता हैं। इसके साथ ही ऐसा करने से व्यक्ति के जीवन में चंद्र देव के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है और कुंडली में कमजोर चंद्रमा को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। सोते समय बिस्तर के नीचे यदि आप तांबे या फिर चांदी के बर्तन में पानी रखकर सोती हैं तो इसके बहुत से लाभ हैं। इससे आपका चंद्रमा मजबूत होता है और आपके शरीर और मन को में वरुण देवता का आशीर्वाद मिलता है क्योंकि इन्हें जल के देवता के रूप में माना जाता है।



## तिरंगा ढोकला बनाने का सबसे सही और आसान तरीका, जानिए

इस गणतंत्र दिवस अपने दोस्तों और परिवार के लिए कुछ यूनिक और स्वादिष्ट बनाना चाहती हैं, तो तिरंगा ढोकला आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है। ये स्वाद में हल्का, दिखने में आकर्षक और तिरंगे के रंगों से भरा होता है। घर पर इसे बनाना भी आसान है और बच्चों को भी ये बहुत पसंद आता है। तिरंगा ढोकला बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में सूजी और दही मिलाकर स्मूद बैटर तैयार करें। अब नमक, हल्की सी चीनी मिक्स करके बैटर को 15-20 मिनट के लिए रख दें ताकि सूजी थोड़ा फूल जाए। इसके बाद बैटर में बेकिंग पाउडर या ईनो डालकर हल्के हाथों से मिलाएं। अब बैटर को तीन हिस्सों में बांटकर पहले हिस्से में हल्दी मिलाकर केसरिया रंग तैयार करें, दूसरे हिस्से को बिना किसी रंग के छोड़े और तीसरे हिस्से में हरा रंग डालकर हरा हिस्सा बनाएं। इसके बाद स्टीमर पानी उबालें और ढोकला ट्रे या प्लेट को हल्का तेल लगाकर ग्रीस करें। सबसे पहले केसरिया बैटर को ट्रे में डालें और समान रूप से फैलाएं फिर उसके ऊपर सफेद बैटरऔर फिर हरा बैटर डालकर तीनों रंगों का तिरंगा बना दें। ट्रे को स्टीमर में रखकर मध्यम आंच पर 15-20 मिनट तक ढोकला स्टीम करें। स्टीमिंग पूरी होने के बाद ढोकला को थोड़ा ठंडा होने दें और फिर ट्रे से निकालें।

### ऐसे लगाएं तड़का

एक पैन में तेल लेकर उसमें राई, करी पत्ता, और हरी मिर्च भूनकर ढोकले पर डालें। ऊपर से हरा धनिया छिड़कें ताकि स्वाद और लुक दोनों बेहतर हों। अब इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें और हरी चटनी या मीठी चटनी के साथ सर्व करें। इस विधि से तैयार सूजी का तिरंगा ढोकला हल्का, स्वादिष्ट और दिखने में आकर्षक होता है। ध्यान रखें कि बैटर बहुत पतला या बहुत गाढ़ा न हो और स्टीमर में पानी पहले से उबाल लें ताकि ढोकला अच्छी तरह फूले।

## कार्नर न्यूज

## छत्तीसगढ़ राज्य रेपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ भिलाई में

# 365 खिलाड़ी किस्मत आजमा रहे शह और मात की बाजी में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य रेपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड चेस चैंपियनशिप शनिवार से अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में शुरू हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में अग्रसेन जन कल्याण समिति के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी इंद्रजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता अग्रसेन जन कल्याण समिति के सांस्कृतिक सचिव दिनेश सिंघल ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राजेश नथवानी प्रदेश शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप दास, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, रॉकी देवांगन,रमेश अग्रवाल, मलकीत सिंघ उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी इंद्रजीत सिंग ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए हुए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शतरंज को बौद्धिक विकास का खेल बताते हुए कहा कि शतरंज खेलने से सोचने समझने के साथ जीवन के हर क्षेत्र में सही निर्णय व आगे बढ़ने की शक्ति मिलती है। इंद्रजीत सिंग ने उपस्थित खिलाडियों से नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नशे से जीवन बर्बाद हो जाता है। उन्होंने नशे की जगह खेल को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्ष दिनेश सिंघल एवं प्रदीप दास ने भाग लेंने वाले खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि राजेश नथवानी ने आयोजन की सराहना करते हुए आगे ऐसे आयोजनों में सहयोग प्रदान करने एवं अपनी मां की स्मृति में भव्य शतरंज स्पर्धा करवाने की घोषणा की। सर्वप्रथम अतिथियों का का स्वागत जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत,सचिव तुलसी सोनी, अनिल शर्मा, गुलाब चौहान, मुदित पांडे, प्रदीप मंडल, दिव्यांशु उपाध्याय, विक्रम सिंह, चित्रांश अग्रवाल, चंदन विश्वकर्मा और आशुतोष चावरे ने पुष्पगुच्छ से किया। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के 22 जिलों के 365 खिलाड़ी शह और मात की बाजी में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिसमें रेपिड चेस में 206 खिलाड़ी एवं ब्लिट्ज चेस में 159 खिलाड़ी हिस्सा लिए हैं। उक्त दोनों चैंपियनशिप में दो पुरुष एवं दो महिला खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय रेपिड एवं ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने दी है।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज शतरंज में अंजुला



राज्य और केन्द्रीय कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज शतरंज प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित की गई। जिसमे जगदलपुर से डाक्टर श्रीमत अंजुला कुर्रे का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह पहली बार है कि सिविल सर्विसेज में जगदलपुर से किसी महिला खिलाड़ी का चयन हुआ है। सिविल सर्विसेज की राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता नई दिल्ली में 17 से 26 फरवरी के मध्य आयोजित है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शशांक श्रीधर के साथ जयश्री शेंडे, उपाध्यक्ष डाक्टर पूर्णिमा सरोज, सचिव हितेश तिवारी, तरूण सारथी, अभिनव जेना, बी एस ध्रुव, लोकेश पांडे, संगीता तिवारी, अशोक तिवारी, सुकीर्ति तिवारी, मंजू सारथी, अभिषेक जेना, हर्ष शेंडे, राजेश जेना, मिनेश पाणिग्रही आदि सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर 2026 नॉमिनेशन में 'सिनर्स' का दबदबा, 16 कैटेगरी में रचा इतिहास



गुरुवार 22 जनवरी को ऑस्कर 2026 के नॉमिनेशन की घोषणा की गई। इन नॉमिनेशंस पर भारत की भी नजरें टिकी थीं, लेकिन भारत की फिल्म 'होमबाउंड' रेस से बाहर हो गई। हालांकि, इस बार के ऑस्कर नॉमिनेशन में 'सिनर्स' ने इतिहास रचा है। 'सिनर्स' को 98वें ऑस्कर में 16 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके साथ ही 'सिनर्स' ऑस्कर के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म बन गई है। इस मामले में 'सिनर्स' ने 'टाइटैनिक' और 'ला ला लैंड' जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा है। 'सिनर्स' को जिन कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है, उनमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर, बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर-एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट ओरिजिनल स्कोर, बेस्ट स्क्रीनप्ले जैसी अलग-अलग कैटेगरी शामिल हैं। 98वें ऑस्कर की नॉमिनेशन लिस्ट सामने आते ही 'सिनर्स' ने अपने सबसे बड़ा रिकॉर्ड नाम कर लिया है। 16 नॉमिनेशन के साथ 'सिनर्स' ऑस्कर (अकादमी पुरस्कार) के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन (नामांकन) पाने वाली फिल्म गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 14 नामांकनों का था, जो संयुक्त रूप से तीन फिल्मों के नाम था। इन तीन फिल्मों में 'ऑल अबाउट ईव' (1950), 'टाइटैनिक' (1997) और 'ला ला लैंड' (2016) जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं। 2026 में 'सिनर्स' ने न केवल इन फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि ऑस्कर इतिहास में सबसे अधिक नामांकित होने वाली फिल्म बन गई। इसके बाद पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का स्थान है, जिसे 13 नामांकन मिले हैं।

'सिनर्स' 1930 के दशक के मिसिसिपी डेल्टा में सेट एक हॉरर फिल्म है। ये दो जुड़वां भाइयों, स्मोक और स्टैक (माइकल बी. जॉर्डन) की कहानी है, जो अपने गृहनगर में एक नई शुरुआत करने लौटते हैं, लेकिन एक ज्यूक जॉइंट खोलने के दौरान एक शक्तिशाली पिशाच कबीले से टकरा जाते हैं। इससे उनका जीवन एक भयानक संघर्ष में बदल जाता है, जो नस्लीय असमानता और समुदाय के विषयों को छूता है।

### टॉलीवुड

## 32 साल बाद निर्देशक अदूर के साथ करेंगे मम्मूटी, शुरू हुई शूटिंग



मलयालम सुपरस्टार ममूटी की अगली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस फिल्म के जरिए ममूटी 32 साल में पहली बार निर्देशक अदूर गोपालकृष्णन के साथ काम करेंगे। आज फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी गई है। इस फिल्म का नाम 'पदयात्रा' है। आज बसंत पंचमी के मौके पर एक पूजा समारोह में फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी किया गया। फिल्म का निर्माण ममूटी के होम प्रोडक्शन बैनर द्वारा किया जा रहा है। इससे जाहिर है कि ममूटी न सिर्फ फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि बतौर निर्माता भी वो फिल्म से जुड़े हैं। इस प्रोजेक्ट की घोषणा सार्वजनिक रूप से की गई, जिसमें ममूटी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कलाकारों और क्रिएटिव टीम का परिचय कराया। ममूटी ने इसे अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए सिर्फ 'मेरी अगली फिल्म' लिखा है। फिल्म की शूटिंग भी आज से शुरू हो गई है।

प्रोडक्शन टीम द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, टाइटल लॉन्च इवेंट में फिल्म के सभी कलाकार और क्रू सदस्य शामिल हुए, जिन्होंने फिल्म के एक साथ सफर की शुरुआत का जश्न मनाया। ममूटी और गोपालकृष्णन के 32 साल में पहली बार एक साथ आने से फिल्म पहले से ही चर्चा में बनी हुई है।

### भोजपुरी

## मिस्ट्री गर्ल को पवन ने सरेआम कहा 'जान' तो चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म



भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। महिमा सिंह के साथ उनकी तीसरी शादी की अफवाहों ने तूल पकड़ा है। क्या पवन सिंह ने तीसरी शादी रचा ली है? क्या पावर स्टार की लाइफ में किसी और की एंट्री हो गई है? क्या पवन सिंह किसी को डेट कर रहे हैं? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जो इन दिनों पवन सिंह को लेकर पूछे जा रहे हैं। इसकी शुरुआत पवन सिंह के 40वें बर्थडे सेलिब्रेशन से वायरल कुछ वीडियो के बाद हुई। दरअसल, अपने जन्मदिन पर पवन सिंह एक मिस्ट्री गर्ल के साथ केक काटते नजर आए। इसके बाद वे एक अन्य इवेंट में भी उनके साथ पहुंचे। इतना ही नहीं, भरे मंच से पवन सिंह ने मिस्ट्री गर्ल को 'जान' कहकर पुकारा। इन दिनों लगभग हर इवेंट और आयोजन में नजर आ रही ये मिस्ट्री गर्ल दरअसल, महिमा सिंह हैं। पवन सिंह ने अपने 40वें जन्मदिन पर महिमा के साथ केक काटा था। तब महिमा की मांग में सिंदूर और पवन सिंह के साथ उनकी बॉन्डिंग देख लोगों ने कयास लगाने शुरू किए कि शायद पावर स्टार ने तीसरी शादी रचा ली है। इसी के साथ यह भी पूछा जाने लगा कि यह महिला कौन हैं? तो बता दें कि महिमा सिंह मॉडल और अभिनेत्री हैं। महिमा सिंह, भोजपुरी अभिनेत्री और मॉडल हैं। हालांकि, मूलरूप से वे उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से ताल्लुक रखती हैं। अपनी खूबसूरती और अभिनय प्रतिभा के बूते उन्होंने जल्द ही खुद को भोजपुरी इंडस्ट्री में स्थापित कर लिया है। वे भोजपुरी म्यूजिक एल्बम में पवन सिंह के साथ भी नजर आ चुकी हैं। पवन सिंह और महिमा सिंह की पहली मुलाकात काम के दौरान ही हुई थी।

## खिलौने सा फैशन

लाइफ स्टाइल



इसे नॉस्टैल्जिया के लिए प्यार कहें या फैशन का थेराप्यूटिक पहलू, लेकिन कुछ दिलचस्प ट्रेंड आजकल चर्चा में हैं। उदाहरण के लिए, फैशन लेबल क्वार्टर ने एक ऐसा कलेक्शन पेश किया जिसमें खिलौनों की एक्सेसरीज़ यहाँ तक कि तकिए भी आर्म कैंडी के तौर पर शामिल थे। यह पूरी तरह से नया ट्रेंड नहीं है; बेहतर नींद के लिए खिलौनों के चार्म और गले लगाने वाले टेडी बियर काफी समय से बड़ों का ध्यान खींच रहे हैं। लेकिन अब, यह आखिरकार इंडियन फैशन सीन में भी पॉपुलर हो रहा है।

## पैरों में दिखने लगी है ड्राईनेस तो इन्हें ऐसे करें दूर



सर्दियों के मौसम में ड्राईनेस की समस्या सबसे ज्यादा होती है। कई सारे लोग ऐसे होते हैं जिनकी स्किन ही ड्राई होती है, उन्हें इस मौसम में और ज्यादा दिक्कत बढ़ने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि आप घरेलू तरीकों को ट्राई करके पेडिक्योर करें ताकि स्किन सॉफ्ट नजर आए। चलिए बताते हैं आपको इनके तरीके। पैडिक्योर करने के लिए सबसे पहले आपको गर्म पानी करना है और उसमें अपने पैरों को 10-15 मिनट के लिए भिगोकर रखना है ताकि डेड स्किन सॉफ्ट हो जाए और अपने आप थोड़ा-थोड़ा हटने ले। इसके बाद आपको नेल्स फाइलर लेना है और उसकी मदद से अच्छे से अपने नेल्स को साफ करना है, ताकि आपके नेल्स (घर पर पैडिक्योर करने का तरीका) साफ नजर आए। इस बात का ध्यान रखें कि पेडिक्योर करने से पहले अपने नाखूनों पर से नेल पेंट भी साफ कर लें। जब आपके पैर पानी में रहकर थोड़े से सॉफ्ट हो जाएं तो इसके बाद आपको एक स्क्रब की मदद से अपने एडियो की डेड स्किन को साफ करना है। इसके बाद पैरों को बाहर निकालना है और एक सॉफ्ट टॉवल से साफ करके ऑयल लगाना है। इसके लिए आप नारियल का तेल या फिर जैतून का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके बाद आपको इससे अपने पैरों की अच्छे से मसाज करनी है। इससे आपकी स्किन को नमी मिलेगी साथ ही आपकी स्किन सॉफ्ट नजर आएगी। पैरों की ड्राईनेस (सूखापन) दूर करने के लिए आप इन आसान स्टेप्स के साथ घर पर ही पेडिक्योर कर सकते हैं:

### घर पर पेडिक्योर करने का कुछ और तरीका

पैरों को साफ करें। सबसे पहले पुराने नेल पेंट को हटाएं और नाखूनों को काटकर सही शेप दें। पैरों को भिगोएं। एक टब में गुनगुना पानी लें। इसमें थोड़ा सा माइल्ड शैम्पू, एक चम्मच नमक और आधा नींबू का रस मिलाएं।

पैरों को 15-20 मिनट तक इस पानी में भिगोकर रखें। इससे सख्त त्वचा नरम हो जाएगी। स्क्रबिंग के लिए एक फुट स्क्रबर या प्यूमिस स्टोन का उपयोग करके एड़ियों की डेड स्किन को साफ करें। घरेलू स्क्रब के लिए आप चीनी और जैतून के तेल को मिलाकर भी स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इसका आपको भरपूर फायदा मिलेगा।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर ऐसे हों तैयार, ये गलतियां करने से बचें



26 जनवरी सिर्फ एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि देशभक्ति और गौरव का प्रतीक है। ऐसे में आपका लुक भी ऐसा होना चाहिए, जिससे लोगों को लगे कि आप इस दिन को खुलकर सेलिब्रेट कर रहे हैं। सही आउटफिट, संतुलित मेकअप और सादगी से भरा स्टाइल आपको खूबसूरत बनाने के साथ-साथ गरिमामय भी दिखाता है। खासतौर पर महिलाओं और लड़कियों के लिए खास दिखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस गणतंत्र दिवस आप भीड़ में अलग और खास दिखना चाहती हैं, तो तैयार होते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। हम ये सलाह आपको इसलिए दे रहे हैं क्योंकि अक्सर लोग ज्यादा मेकअप या गलत रंगों का चयन कर लेते हैं, जिससे लुक बिगड़ सकता है। इस खास दिन पर तिरंगे के रंगों से प्रेरित स्टाइल, नेचुरल मेकअप और आरामदायक कपड़ों का चुनाव सबसे बेहतर माना जाता है। अगर आप कॉलेज, ऑफिस, स्कूल फंक्शन या परेड देखने जा रही हैं, तो मौसम और मौके के हिसाब से तैयार होना जरूरी है। थोड़ी सी समझदारी और सही प्लानिंग से आप इस गणतंत्र दिवस पर बेहद आकर्षक और आत्मविश्वास से भरी नजर आ सकती हैं।





### आउटफिट में तिरंगे के रंगों का इस्तेमाल करें

परफेक्ट आउटफिट के लिए केसरिया, सफेद और हरे रंग का संतुलन बहुत जरूरी है।पूरे आउटफिट में तीनों रंग भरने के बजाय किसी एक रंग को प्रमुख रखें। इससे लुक भड़कीला नहीं लगेगा और देशभक्ति की भावना भी बनी रहेगी।

### बहुत ज्यादा मेकअप से बचें

इस खास मौके पर हैवी मेकअप करने से बचें। हल्का फाउंडेशन, सॉफ्ट ब्लश, न्यूड या हल्के पिंक शेड की लिपस्टिक और मस्कारा से फ्रेश और क्लीन लुक मिलेगा। तिरंगे के रंगों को आईलाइनर या नेल आर्ट में हल्के तौर पर शामिल किया जा सकता है।

### हेयरस्टाइल सिंपल रखें

खुले बाल, लो बन, हाई पोनीटेल या सिंपल ब्रेड जैसे हेयरस्टाइल सबसे बेहतर रहते हैं। ज्यादा स्टाइलिंग से बचें ताकि लुक नेचुरल और एलिगेंट दिखे।

## हाथ-पैर की नमी बरकरार रखने करें इन्हें इस्तेमाल



रोजमर्रा की जिंदगी में कई चीजें ऐसी होती हैं, जिनके इस्तेमाल से हाथ-पैर काफी रूखे होने लगते हैं। इन चीजों कठोर साबुन, केमिकल प्रोडक्ट और अगरबत्ती शामिल होती हैं। इनके साथ ही बदलते मौसम का सीधा असर भी हाथ-पैर पर पड़ता है।

ओटमिल पाउडर के इस्तेमाल के लिए ओटमील पाउडर में पानी मिलाकर इसका पेस्ट बनाएं। हाथ-पैर में नमी बरकरार रखने के लिए आपको हर रोज इसका इस्तेमाल करना है। बाजार में आपको बेहद कम दामों में पेट्रोलियम जेली मिल जाएगी। ऐसे में आप हाथ-पैर की नमी बरकरार रखने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल तेल में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा संबंधी परेशानियों को कम करते हैं। ये आमतौर पर सभी घरों में आसानी में मिल जाता है। ये आपकी स्किन को हाइड्रेट रखता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कुछ बूंद तेल लेकर हाथ-पैर पर मालिश करनी है। एलोवेरा स्किन पर नमी बरकरार रखने में मदद करता है। ऐसे में आप बड़ी आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए बस एलोवेरा जेल लेकर हाथ-पैर पर लगाना है।

अगर आप शहद का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। इसमें कई एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए बस आपको 10 से 15 मिनट तक शहद अपने हाथ-पैर पर लगाना है और फिर हाथ धो लेने हैं।

## नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान



नेल एक्सटेंशन करवाना तो आसान है लेकिन इसकी केयर करना काफी ज्यादा मुश्किल है। चलिए जानें नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद किन बातों का ख्याल रखना होता है। नेल एक्सटेंशन ज्यादातर लोग हाथों की खूबसूरत दिखाने के लिए करवाते हैं तो वही कई लोग नेल की साइज बढ़ाने के लिए के लिए करवाते हैं। नेल एक्सटेंशन आपके हाथों पर ज्यादा से ज्यादा 1 महीने तक रहता है। नेल एक्सटेंशन करवाते समय कई बार हम नेल का साइज काफी बड़ा करवा लेते हैं। हालांकि अगर आप घर का काम या फिर नौकरी करती हैं तो आपको कभी भी नेल एक्सटेंशन ज्यादा लंबा नहीं करवाना चाहिए। इससे आपके हाथ भले खूबसूरत लगता हो लेकिन काम करने में काफी दिक्कत हो सकती हैं। कई बार हम डार्क कलर का नेल कलर चुन लेते हैं। ऐसा ना करें आपको अपने स्किन कलर के अनुसार ही कलर का चयन करना चाहिए। इससे आपके नेल हर तरह के कपड़ों पर शूट करेंगे और यह देखने में खूबसूरत भी लगेगा।नेल एक्सटेंशन अगर आप बार- बार करवाती है तो इससे आपके खुद के नेल खराब हो जाएंगे। एक्सटेंशन करवाना सही है लेकिन एक बार आप एक्सटेंशन करवा रही हैं तो दूसरी बार तुरंत ना करवाएं। दूसरी बार के लिए आपको थोड़ा समय लेना चाहिए। इसके बाद ही आपको एक्सटेंशन करवाना चाहिए। नेल एक्सटेंशन करवाने के लिए नकली नाखून को ग्लू की मदद से चिपकाया जाता है। ऐसे में अगर आप नाखून लगाने के बाद बर्तन धोती हैं तो आपको नेल एक्सटेंशन नहीं करवाना चाहिए। गलती से भी आपके नाखून पर चोट लगेगी तो यह काफी दर्द होता है। कई बार नाखून से खून भी आने लगता है। नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आपको अपने नेल को ऐसे नहीं छोड़ना है। आपको डेली क्यूटिकल ऑयल अपने नाखून पर लगाना चाहिए। इससे आपके नेल ड्राई नहीं होते हैं।

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में त्वचा का ध्यान रखिए बेहद सावधानी के साथ

## सर्दियों में रखें स्किन का खास खयाल, बेजान त्वचा में ताजगी भर देंगे कुछ जरूरी टिप्स

सर्दियों के मौसम की शुरुआत होने के साथ-साथ अब ये साल अपने अंत के करीब है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि जनवरी के इस आखिरी हफ्ते और फरवरी महीने की शुरुआत से ही और भी ज्यादा कड़ाके की ठंडी पड़ने वाली है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना भी जताई जा रही है। ऐसे में ज्यादातर लोग साल के अंत में अपने परिवार से साथ घूमने का प्लान बनाते हैं। सर्दियों में मौसम में अच्छा होता है और बच्चों के स्कूल की छुट्टियां भी हो जाती हैं। इसके साथ जो लोग कामकाजी हैं, वो भी परिवार सहित बाहर जाने की प्लानिंग करते हैं। अगर आप भी कहीं ऐसी जगह घूमने का प्लान बना रहे हैं, जहां काफी सर्दी होती है तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, ठंड वाली जगहों पर जाने के लिए आपको अपनी त्वचा का ध्यान रखने की काफी ज्यादा जरूरत होती है। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, अगर आप ठंडी जगह घूमने जा रहे तो इन तरीकों को अपनाकर अपनी त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं।



### हाइड्रेशन का रखें खास ध्यान

अगर आप किसी ऐसी जगह घूमने जा रहे हैं, जहां पर काफी ज्यादा सर्दी पड़ती है, तो वहां अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड रखें। ऐसे में पानी का सेवन कम ना करें। ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी, हर्बल चाय, सूप आदि चीजों का सेवन करें। इनके सेवन से आपकी त्वचा अंदर से ग्लो करेगी।

### त्वचा को प्रोटेक्ट करना है जरूरी

सर्दी वाली जगहों पर त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके लिए आपको सर्दियों में भी अच्छे क्लींजर का इस्तेमाल करना है। इसके साथ अच्छी क्वालिटी के फेसवॉश का इस्तेमाल तो कभी ना भूलें। चेहरा धोने के बाद सर्दियों में तुरंत मॉइश्चराइजर लगाएं और सबसे आखिर में त्वचा पर सनस्क्रीन लगाकर त्वचा का बचाव करें।

### नाइट केयर रूटीन ना भूलें

जब भी हम कहीं बाहर घूमने जाते हैं तो थकान की वजह से अपनी त्वचा का ध्यान रखना हमें याद नहीं रहता। जबकि ये काफी जरूरी है। हर किसी को अपना नाइट केयर रूटीन जरूर फॉलो करना चाहिए। इससे त्वचा ग्लो करती है।

